दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। मंगलवार 11 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 81 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






# संतों ने आराध्य श्रीराम संग खेली होली

## ढोल की थाप पर प्रभु भक्तों ने जमकर किया नृत्य और गान

रंगभरी एकादशी





**अयोध्या।** रंगभरी एकादशी पर सोमवार को रामनगरी के साधु-संत अपने इष्ट देव श्रीराम व उनके परम भक्त हनुमंत लला के साथ होली के रंग में रंग गए हैं। मंदिरों में साधु-संतों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर आराध्य संग होली खेलकर रंगोत्सव की मुनादी की।

रंगभरी एकादशी पर्व पर परंपरागत रूप से सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में सुबह नौ बजे सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का विधिवत पूजन-अर्चन व श्रृंगार के बाद अबीर-गुलाल लगाया गया। फिर हनुमान जी के निशान व छड़ी की पूजा-आरती की गई। नागा साधुओं ने अपने आराध्य हनुमंत लला को अबीर-गुलाल चढ़ाकर श्रद्धा निवेदित करने के बाद शोभायात्रा निकाली। संतों ने हनुमंत लला को अबीर गुलाल अर्पित कर रामनगरी में रंगोत्सव के आगाज की अनुमति मांगी।

इस दौरान मंदिर में मौजूद श्रद्धालु आराध्य की भक्ति में लीन नजर आए। जमकर अबीर-गुलाल उड़ा तो संतों के संग भक्त भी आस्था में मग्न होकर नृत्य करते दिखे। इसके बाद नागा साधुओं की टोली सड़कों पर निकली। संतों ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया। विभिन्न करतब भी दिखाए। रास्ते में जो मिला उसे अबीर-गुलाल लगाया, लोग हनुमान जी का प्रसाद समझकर आनंदित होते रहे।

शोभायात्रा सरयू तट पहुंची, जहां साधुओं ने पूजन-अर्चन व स्नान के बाद मंदिरों की ओर रुख किया। नागा-साधु संतों ने मठ-मंदिरों में जाकर विराजमान विग्रह को अबीर-गुलाल लगाते हुए होली का निमंत्रण दिया। इसके बाद पंचकोसी परिक्रमा के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।







## रंगभरी एकादशी पर हर-हर महादेव से गूंजा विश्वनाथ धाम

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में रंगभरी एकादशी का उत्सव और उल्लास कण-कण में नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं ने सोमवार को बाबा और गौरा को हल्दी लगाकर गुलाल अर्पित किया। काशीवासियों समेत दूर-दराज से काशी आए सभी श्रद्धालु इस उत्सव में पूरी श्रद्धा एवं उमंग के साथ शामिल होकर परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। सोमवार की सुबह से श्रद्धालु श्री काशी विश्वनाथ एवं माता गौरा को हल्दी, अबीर-गुलाल और पुष्प अर्पित कर रहे हैं। धाम परिसर में रंगभरी एकादशी के पर्व की ऊर्जा महादेव के भक्तों को उत्साहित कर रही है। साथ ही बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। फूलों से सजाई गई पालकी पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव और माता गौरा की चल रजत प्रतिमा प्रांगण में भ्रमण को निकाली गई। इस दौरान धाम का कोना-कोना हर- हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

## श्रीकृष्ण जन्मस्थली से आया उपहार श्रीकाशी विश्वनाथ को किया गया भेंट

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में रंगभरी एकादशी का उत्सव और उल्लास कण-कण में नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं ने बाबा और गौरा को हल्दी लगाकर गुलाल अर्पित किया। रविवार को मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने भी बाबा को हल्दी अर्पित की। फूलों से सजी पालकी में बाबा और गौरा की चल रजत प्रतिमा को धाम में भ्रमण कराया गया। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने भावांजलि अर्पित की।

### बाबा-गौरा को लगाई गई हल्दी

रविवार को रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन सुबह से ही धाम में उत्सव का उल्लास शुरू हो गया। धाम में पधारे श्रद्धालु और विशिष्ट अतिथि श्री काशी विश्वनाथ व माता गौरा की हल्दी उत्सव में भक्तिभाव से शामिल हुए। श्री कृष्ण जन्मस्थली मथुरा से आया अबीर-गुलाल एवं उपहार सामग्री तथा सोनभद्र से धाम में पधारे वनवासी समाज के भक्तों ने राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल को श्री काशी विश्वनाथ महादेव को विधि-विधान से अर्पित किया।

मंदिर न्यास का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण एवं डिप्टी कलेक्टर शंभू शरण ने श्री विश्वेश्वमहादेव का पूजन कर हर्बल गुलाल चढ़ाया। इसके पश्चात पालकी पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव और माता गौरा की चल रजत प्रतिमा प्रांगण में भ्रमण करते हुए मंदिर चौक पहुंची। चल रजत प्रतिमा के विराजमान होते ही भक्तों ने हल्दी, पुष्प, अबीर- गुलाल अर्पित कर मंगल गीत गए।

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने धाम में पहुंचकर श्री काशी विश्वनाथ महादेव एवं माता गौरा को हल्दी, गुलाल एवं पुष्प अर्पित कर मंगल कामना की। हल्दी उत्सव में विशेष रूप से श्री कृष्ण जन्मस्थली से श्री काशी विश्वनाथ महादेव के लिए उपहार सामग्री लेकर आए भक्त, सोनभद्र से आए वनवासी समाज के भक्त एवं प्रसिद्ध इतिहासकार व लेखक विक्रम संपत उपस्थित रहे।

डॉ. अर्चना म्हस्कर ने शास्त्रीय भजन की प्रस्तुति दी

## होली तक सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों और कर्मचारियों के अवकाश किए गए निरस्त

### अपरिहार्य परिस्थितियों में ही मान्य होगी छुट्टी

#### इमरजेंसी वार्ड में दवा व रुई-पट्टी के इंतजाम दुरुस्त रखने के आदेश

**लखनऊ।** होली तक सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक और कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। हालांकि, अपरिहार्य स्थिति में अवकाश मान्य होगा। सभी अस्पताल प्रभारियों को निर्देश स्वास्थ्य महानिदेशालय से मिले हैं। जरूरी दवाओं के इंतजाम इमरजेंसी में रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

होली में आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल तैयार किए जा रहे हैं। साथ ही इमरजेंसी वार्ड में



चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर तैयार करने के निर्देश मिले हैं। इसमें नेत्र रोग, आर्थोपैडिक, फिजिशियन व सर्जन की ड्यूटी तय हो रही है।

अन्य विशेषज्ञों की जरूरत होने पर उन्हें ऑन कॉल बुलाया जाएगा, ताकि मरीजों को इलाज मिल सके। सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में दवा व रुई-पट्टी के इंतजाम दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया सीएचसी में चिकित्सकों की ड्यूटी तय करने के साथ दवाओं के इंतजाम किए गए हैं।

## संसद में जोर-शोर से गूंजा वोटर लिस्ट का मुद्दा

### पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ और पहले ही दिन जोरदार हंगामा देखने को मिला है। इस बीच लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट को लेकर डिटेल में चर्चा करने की मांग की है। उनका साथ अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए।

कांग्रेस ने ट्वीट करते हुए कहा कि पूरा विपक्ष संसद में वोटर लिस्ट पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर



पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।

उसने कहा कि अब वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट नामों के नए सबूत सामने आए हैं, जिससे और भी नए और गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए यह चर्चा बहुत जरूरी है।

#### कांग्रेस ने राज्यसभा से किया वॉकआउट

कांग्रेस सांसद अजय माकन ने कहा, ह्यकांग्रेस और टीएमसी सांसदों ने स्थगन प्रस्ताव दिया था और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने खुद माना है कि देश भर में कई लोगों के पास एक ही मतदाता सूची संख्या है। चुनाव से पहले अचानक, लोगों के नाम मतदाता सूची से कट जाते हैं या इसमें जोड़ दिए जाते हैं, इन सब बातों पर चर्चा होनी चाहिए। यह लोकतंत्र का सवाल है। राज्यसभा के चेयरमैन ने इन मुद्दों पर चर्चा करने की अनुमति नहीं दी, इसलिए हमने वॉकआउट किया। हम इन मुद्दों को उठाते रहेंगे।

#### आम आदमी पार्टी ने लगाए ये आरोप



आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, ह्यचुनाव आयोग और केंद्र सरकार यानी सत्ता में बैठी पार्टी मिलकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर फर्जी मतदाता बनवा रही है। महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में उन्होंने ऐसा किया, अब उन्होंने बंगाल में भी यही शुरू कर दिया है। अगर चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं होगी, तो एक ही पार्टी सत्ता में आती रहेगी और वो भ्रष्टाचार भी करेगी।

## गाजीपुर में गोली मारकर शख्स की हत्या

### हत्या के विरोध में गुस्साए लोगों ने हाईवे किया जाम, स्थिति कंट्रोल में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के गाजीपुर इलाके में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जिसके बाद हाईवे पर जाम लग गया था।

अब दोपहर के बाद यातायात सामान्य हो गया है। दिल्ली-यूपी बॉर्डर पर लोगों को जाम से परेशानी का सामाना करना पड़ा था।

गाजीपुर में हुई हत्या के मामले पर पूर्वी जिले के



एडिशनल डीसीपी-कविनीत कुमार ने कहा कि हमें सूचना मिली कि एक व्यक्ति घायल है। जब हम अस्पताल गए तो पता चला कि उसे गोली लगी है। शुरूआती जांच में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल, कई टीमें इस पर काम में जुटी हुई हैं।

#### यूपी बॉर्डर पर लगा लंबा जाम खुला

यूपी बॉर्डर गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग नौ पर सोमवार सुबह कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया। स्थिति यह है कि करीब 10 मिनट तक वाहनों को एक ही जगह पर रुकना पड़ रहा है। गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। वहीं एम्बुलेंस तक फंस गई। हालांकि, मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने अतिआवश्यक वाहनों को किसी तरह बाहर निकाला गया।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गाजीपुर मंडी में युवक की हत्या का मामला सामने आने के बाद दिल्ली के सीमा क्षेत्र में हाइवे जाम किया गया। यूपी गेट से लेकर पूरे एनएच पर पुलिस और यातायात कर्मियों को तैनात कर दिया गया, जो जाम खुलवाने में जुटे। फिलहाल, दोपहर के बाद जाम खुलवा दिया गया है।

#### पुलिस का आया बयान

पूर्वी दिल्ली पुलिस के मुताबिक, फूल मंडी के पास एनएच 24 पर गोली से घायल होने के बारे में एलबीएस अस्पताल से एमएलसी मिली हुई और उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक का नाम रोहित है, पिता पूर्व में लेफ्टिनेंट रहे हैं। जो गाजीपुर गांव में रहते हैं। आगे के तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। जिले की कई टीमें मामले पर काम कर रही हैं।

### एमपी के सीधी में भीषण सड़क हादसा

## श्रद्धालुओं का वाहन ट्रक से भिड़ा, 7 की मौत, 14 घायल

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रविवार रात करीब 2 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां मैहर मंदिर मुंडन कराने जा रहे श्रद्धालुओं से भरे वाहन और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। जिससे वाहन में सवार 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों में 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायलों को संजय गांधी, रीवा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसा इतना भयानक था कि चींख-पुकार मच गई। सूचना लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचवाया। जहां सभी का इलाज जारी है।

पुलिस ने बताया कि सीधी जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। जहां श्रद्धालुओं का वाहन, ट्रक से भिड़ गया। जिससे 7 लोगों की मौत हो गई। वाहन और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हुई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

अब तक जांच में सामने आया है कि वाहन में सवार लोग मैहर माता का दर्शन करने जा रहे थे। जहां बच्चे का मुंडन भी होना था। फिलहाल हादसे के वजहों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयागराज : संभल की शाही मस्जिद की रंगाई-पुताई से जुड़े मामले पर 12 मार्च को सुनवाई

**संभल।** संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की मांग से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार की सुनवाई पूरी हुई। हाईकोर्ट ने एएसआई को आपत्ति दाखिल करने के लिए मोहलत दी। इस मामले में आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया को तीसरा सप्लीमेंट्री एफिडेविट दाखिल करना होगा। एएसआई को यह बताना है कि बाहरी परिसर में पुताई की जरूरत है या नहीं। इस मामले में बुधवार 12 मार्च को सुबह 10:00 बजे से सुनवाई होगी।

गौरतलब है कि जामा मस्जिद कमेटी ने पिछली सुनवाई पर एएसआई की रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल की थी। एएसआई रिपोर्ट के आधार पर ही हाईकोर्ट ने रंगाई पुताई की इजाजत नहीं दी थी। एएसआई की रिपोर्ट में कहा गया था कि अभी रंगाई पुताई की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट ने एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर सिर्फ जामा मस्जिद की साफ सफाई का आदेश दिया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई।



संभल की शाही जामा मस्जिद में रंगाई पुताई, मरम्मत और लाइटिंग के काम की इजाजत दिए जाने की मांग को लेकर मस्जिद कमेटी ने याचिका दाखिल की थी। हिंदू पक्ष की तरफ से भी यह कहा गया है कि मरम्मत और पुताई होने से ढांचे को नुकसान हो सकता है।

**मस्जिद में रंगाई-पुताई की मांगी गई थी इजाजत :** संभल की शाही जामा मस्जिद में रंगाई पुताई, मरम्मत और लाइटिंग के काम की इजाजत दिए जाने की मांग को लेकर मस्जिद कमेटी ने याचिका दाखिल की थी। हिंदू पक्ष की तरफ से भी यह कहा गया है कि मरम्मत और पुताई होने से ढांचे को नुकसान हो सकता है। 2 मार्च से रमजान का पाक महीना शुरू हो चुका है। हालांकि मस्जिद कमेटी ने रमजान शुरू होने से पहले रंगाई पुताई की इजाजत मांगी थी।

कोर्ट ने रमजान के महीने में रोजेदारों कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए साफ सफाई की मांग को मंजूर किया था। मस्जिद कमेटी ने इससे पहले संभल के डीएम को लेटर देकर अरकसे रंगाई पुताई की इजाजत दिए जाने की मांग की थी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 11 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# 2027 के विधानसभा चुनावों में अलग हो सकती हैं कांग्रेस और सपा की राहें

## दोनों ही दलों के नेता अंदरखाने जता रहे आशंका

**लखनऊ।** यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा की राह अलग-अलग हो सकती है। सीटों को लेकर उनके बीच पेंच फंस सकता है। इसकी आशंका दोनों ही दलों के नेता जता रहे हैं। हालांकि, वे सार्वजनिक रूप से इस बारे में कुछ भी कहने के लिए तैयार नहीं हैं।

कांग्रेस और सपा ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ा था और इसके बेहतर परिणाम भी हासिल किए थे। लेकिन, कांग्रेस एक के बाद एक राज्य चुनाव हारती जा रही है। सपा नेताओं का मानना है कि यूपी में भी कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं है। इसलिए सिर्फ लड़ने के लिए उसे सीटें नहीं दी जा सकतीं।

सपा सूत्रों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सपा ज्यादातर सीटों पर अभी से तैयारी कर रही है। अगर कांग्रेस 25-35 सीटों पर मानती है तो ठीक, वरना जिस तरह से दिल्ली और हरियाणा में इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और आप अलग-अलग लड़े थे, उसी तरह से यहां भी सपा और कांग्रेस के रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं। यहां बता दें कि यूपी में कुल 403 विधानसभा सीटें हैं। इंडिया गठबंधन के सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस शायद ही 100 सीटों से कम पर कोई समझौता करने के लिए तैयार हो।



**कांग्रेस और सपा के बीच सीटों को लेकर पेंच फंस सकता है। इसकी आशंका दोनों ही दलों के नेता जता रहे हैं। हालांकि, वे सार्वजनिक रूप से इस बारे में कुछ भी कहने के लिए तैयार नहीं हैं।**

# टीम करंट क्राइम ने किया होली 3.0 का आगाज




गाजियाबाद, करंट क्राइम। ये होली का रंग है, ये रंगों का करंट है और ये करंट वालों की होली है। वेशभूषा आ चुकी है और आपका इंतजार है। टीम करंअ क्राइम अपनी इस नई टीशर्ट के साथ होली के रंगों में आपको सराबोर करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये जो चश्मे आप देख रहे हैं इन्हें लगाकर आप भी एकदम मस्त नजर आयेंगे, क्योंकि हमें पता है 12 मार्च को आप इम्पीरियल फार्म हाऊस में करंट क्राइम होली का हिस्सा बनेंगे।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने उठाई गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

# कहा, सरकार रखे अपना स्पष्ट पक्ष

# सभी दलों से कहा वह भी दें अपनी राय

**17 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में दिनभर बैठेंगे अनशन पर**



**महाकुंभ के आयोजन पर बोले अभी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती होनी चाहिए गंगाजल की जांच**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महाकुंभ समाप्त हो गया है और महाकुंभ समाप्त होने के बाद भी इसके आयोजन और इसमें रही कमियों और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा खत्म नहीं हो रही है। सोमवार को गाजियाबाद पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि वह सरकार से मांग करते हैं कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरीके से पूरे विश्व में गौ मांस का सेवन बढ़ रहा है, इसको लेकर सरकार सख्त कदम उठाए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सरकार को कहा है कि 17 मार्च तक का समय दे रहे हैं। सरकार अपनी नियत और नीति स्पष्ट करें अगर ऐसा नहीं होता है, तो वह 17 मार्च को दिल्ली का कूच करेंगे और रामलीला मैदान में दिनभर बैठेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी दलों और अन्य लोगों को भी इस पर अपनी राय और विचार रखने के लिए कहा है। इसके साथ ही शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि अगर उन्हें दिल्ली जाने से रोका जाएगा, तब वह इसका निर्णय मौके पर ही लेंगे। हालांकि उन्होंने कहा है कि वह अकेले ही अनशन और धरने पर बैठेंगे, इसीलिए किसी प्रकार की कानून व्यवस्था को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन पर पूछे गए सवाल के विषय में कहा है कि सरकार को अलग-अलग जगह गंगा जल की जांच करानी चाहिए कि पानी स्नान योग्य है या नहीं है।

### गौ हत्या और गौ मांस बिकवाने वालों की करवा रहे हैं जांच

करंट क्राइम : ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि हमने सरकार और सभी विपक्षी दलों से गौ माता के प्रति अपना मत स्पष्ट करने के लिए 17 मार्च तक का समय दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई भी राजनीतिक या धार्मिक संस्था से जुड़ा व्यक्ति को गौ मांस की बिक्री करवा रहा है या इसका सेवन करता है, तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि वह इस विषय को लेकर खुद के लोगों से जांच करवा रहे हैं कि कौन-कौन ऐसा कृत्य कर रहा है। उन्होंने कहा है कि आज भारत ही नहीं पूरे देश भर में गौ माता के पूजन को लेकर लोगों की आस्था और रुचि बढ़ी है। इसके बावजूद भारत जैसे देश में गौ हत्या रोकने को लेकर कोई सरकारी पहल नहीं हो रही है, इसका उन्हें खेद है।

### बोले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती नदियों का जल स्नान और इस्तेमाल योग्य है कि नहीं

करंट क्राइम : बीते दिनों प्रयागराज में हुए महाकुंभ के बाद भी वहां के विषय शांत नहीं हो रहे हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सरकार से मांग की है कि जहां पर भी गंगा स्नान होता है, उन नदियों के पानी की जांच कराई जाए कि वह नहाने और पानी का इस्तेमाल करने योग्य है या नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसा होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से सनातन धर्म को लेकर सरकार बड़े दावे करती है, तो उसे सनातन धर्म की आस्थाओं का भी ख्याल रखना चाहिए।

### गाजियाबाद में कई जगह हुआ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत

करंट क्राइम : सोमवार को ज्योतिष पीठ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गाजियाबाद पहुंचे थे। कई जगह उनका स्वागत हुआ, तो कार्यक्रम में डासना मंदिर के पीठाधीश्वर यति नरसिंघानंद सरस्वती मंच पर उनके साथ रहे। कार्यक्रम के आयोजक महेश आहूजा ने शंकराचार्य की पादुका का पूजन किया। इसके साथ ही जगदीश साधना, पूर्व पार्षद सतीश चोपड़ा, रेखा चौधरी, अरविंद तेवतिया, बीके शर्मा, पार्षद राधेश्याम त्याग और शैलेंद्र योगीराज सरकार राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जगतगुरु शंकराचार्य सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

# होली को लेकर गाजियाबाद में शुरू हुआ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का विशेष अभियान

## गोविन्दपुरम से लेकर इन्दिरापुरम तक लिए गये नमूने



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** होली के त्योहार को लेकर सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान का मकसद होली में मिलावट खोरों को रोकना और लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाना है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के निर्देश पर जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा अलग-अलग इलाकों मे कार्यवाई शुरू करा दी गई है। तो वहीं दूध, घी, क्रीम, बर्फी, खोया, सूजी, बेसन, रिफाईंड, पॉम ऑयल के साथ ही मिल्क केक, कुकीज के नमूने लेकर इनको प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। जिन दुकानदारों या कंपनियों के प्रोडेक्ट मिलावटी पाये जायेंगे या उनमें मानव को नुकसान पहुंचाने वाले कैमिकल मिलेंगे, उन पर कार्रवाई की जायेगी।

### गोविन्दपुरम से लेकर साहिबाबाद, इन्दिरापुरम, वसुंधरा में लिए गये नमूने



करंट क्राइम। 6 मार्च से 13 मार्च तक चलाये जाने वाले इस अभियान के तहत 6 मार्च को साहिबाबाद रोड, यूपी गेट पर एक वाहन से दो-दो पनीर के नमूने लिए गये हैं तो वहीं गोविन्दपुरम में घी व क्रीम के नमूने रामनगर से बर्फी, खोया और घी, आरडीसी में सूजी, बेसन, नमकीन, पनीर और दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। तो वहीं 7 मार्च को इन्दिरापुरम में प्रतिष्ठित दुकान से चाय-मसाला, लहसुन पाउडर, वहीं मसूरी की एक दुकान से छेना मिठाई और छेना रसगुल्ला, तो वहीं मोदीनगर में बर्फी का नमूना, राजेन्द्र नगर साहिबाबाद से पनीर और खोये के सैम्पल लिए गये हैं। वहीं वसुंधरा के एक स्टोर से गुंजिया, मिल्ककेक, समोसा, बेसन, पापड, ग्रीन चटनी के सैम्पल लिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बीते 6 दिनों के भीतर 76 अलग-अलग खाद्य सामग्री के नमूने एकत्रित कर जांच के लिए क्षेत्रीय जन विश्लेषक उत्तर प्रदेश प्रयोगशाला को भेजा है।

### मिलावट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम



करंट क्राइम। होली के त्यौहार पर मिलावटी खाने से किसी को नुकसान न पहुंचे और किसी प्रकार की जनहानि ना हो, इसको लेकर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जांच एवं नमूना सैम्पल अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही एसडीएम स्तर के अधिकारियों को भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के नियमों का पालन कराने के लिए खुद भी औचक निरीक्षण और कार्रवाई कराने का निर्देश दिया है।



# अच्छा और सकारात्मक तरीका यही है कि हम बुराई के विरोध में खड़े हों : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुझे कोई ऐसा अच्छा काम ध्यान नहीं पड़ता जिसके शुभारंभ में कोई न कोई बाधक बन कर न खड़ा हुआ हो। मुझे याद है 1998 में जब मैने हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय कल्याण सिंह जी से सहमति प्राप्त की। तब उसके विरोध में समाचार पत्रों में लेख छपे जिनके शीर्षक होते थे कि मंत्री ने पार्क पर कब्जा किया। पुस्तकालय जन सामान्य के लिए बहुत उपयोगी कार्य है। उसमें मेरा हित केवल इतना था कि उसका नाम मेरे पिता जी के नाम पर था। लेकिन विरोध इतना प्रबल हुआ कि मुख्यमंत्री जी ने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया। और वह विरोध अभी तक कुछ लोगों के मन में जिंदा है। पिछले कुछ समय पहले उन्हीं लोगों ने समाचार छपवाया जिसमें लिखा था कि पूर्व मंत्री ने ग्रीन बेल्ट पर कब्जा कर लिया। जबकि पुस्तकालय की भूमि का जीडीए ने बजापता आबंटन किया। कीमत लेकर लीजडीड पंजीकृत की। आज पुस्तकालय को 27 वर्ष होने जा रहे हैं। हजारों बच्चे उसका लाभ उठाकर अपने भविष्य के सुनहरे सपने बुन रहे हैं। प्रतिवर्ष 20-25 बच्चे किसी न किसी प्रतियोगिता में चयनित हो रहे हैं।

आज मैं इसका उल्लेख इस लिए कर रहा हूं क्योंकि श्रीति की स्मृति में पार्क का नामकरण श्रीति वाटिका रखे जाने के नगर निगम के निर्णय से कुछ लोगों के पेट में मरोड़ हो रही थी। उन्होंने इसे रुकवाने के लिए कई तरह से प्रयास किए। मेरी समझ में आज तक ये बात नहीं आई कि इससे किसी को आहत होने का क्या कारण हो सकता है। एक होनहार बेटी जो अल्प आयु में ही इस दुनिया को छोड़कर चली गई। अगर उसकी स्मृति को स्थाई करने के लिए उस वाटिका का नामकरण उसके नाम पर हो जाता है जिसमें वह घुटनों के बल चल चल कर बड़ी हुई तो इससे किसी को पीड़ित होने का क्या कारण है?



**मुझे कोई ऐसा अच्छा काम ध्यान नहीं पड़ता जिसके शुभारंभ में कोई न कोई बाधक बन कर न खड़ा हुआ हो।**

**पुस्तकालय जन सामान्य के लिए बहुत उपयोगी कार्य है। उसमें मेरा हित केवल इतना था कि उसका नाम मेरे पिता जी के नाम पर था। लेकिन विरोध इतना प्रबल हुआ कि मुख्यमंत्री जी ने अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया। और वह विरोध अभी तक कुछ लोगों के मन में जिंदा है।**

जब हम अपने बचपन में सुनते थे कि श्री राम जी के काल में जंगलों में कुछ राक्षस ऋषियों मुनियों के यज्ञ में विघ्न डालते थे। उनके यज्ञ को भंग करते थे। हमें समझ नहीं आता था कि यज्ञ से राक्षसों का क्या अहित होता था। वे ऐसा क्यों करते थे? जीवन के पचास वर्ष बीत जाने के बाद समझ में आया कि ये विकृति है और कई विकृत लोगों में विद्यमान है। किसी अच्छे काम में उन्हें विघ्न डालने में आनंद आता है। इन्हें विघ्न संतोषी कहते हैं। जब रामचंद्र जी वन गए तो उन्होंने देखा कि जंगलों में ऋषियों मुनियों तपस्वियों की अस्थियों के ढेर लगे हैं। इनमें कुछ तो ऐसे थे जो केवल पत्ते खाकर जिंदा रहते थे और कुछ तो केवल सूर्य की किरणों से प्राप्त ऊर्जा से ही जीवित थे, राक्षसों ने उन्हें भी जीवित नहीं छोड़ा। आखिर वे समाज से क्या ले रहे थे?

एक दिन रामचरित मानस के पढ़ने से समझ आया कि गोस्वामी तुलसीदास ने स्वय रामचरित मानस के प्रारंभ में ईश वंदना के बाद ऐसे दुष्टों की वंदना में एक दोहा लिखा है और प्रार्थना की है ताकि उनका इस महा ग्रन्थ का लेखन निर्विघ्न सम्पन्न हो जाय। जब तुलसीदास जी जैसे महान संत और कालजई रचना के लेखन को निर्विघ्न पूर्ण हो जाने के लिए दुष्टों को प्रणाम करना पड़ा है तो हम जैसे आम आदमी की क्या औकात है? तुलसीदास जी ने लिखा है कि -

***बहुरि बंदी खल गन सति भाएं।***
***जे बिनु काज दाहिनेहू बाएं।***
***पर हित हानि लाभ जिन्ह केरे।***
***उजरें हरष विषाद बसेरे।***

***भावार्थ*** - अब मैं सच्चे भाव से दुष्टों को प्रणाम करता हूं जो बिना ही प्रयोजन अपना हित करने वाले के भी प्रतिकूल आचरण करते हैं। दूसरों के हित की हानि ही जिनकी दृष्टि में लाभ है। जिनको दूसरों के उजड़ने में हर्ष और बसने में विषाद होता है।

सामाजिक प्राणी होने के नाते हमारा सभी का दायित्व है कि हम समाज में ऐसे नकारात्मक लोगों का विरोध करें। अच्छाई को बढ़ाने के लिए न केवल प्रोत्साहित करें बल्कि बुराई का विरोध करें। दुनिया में अगर बुराई बढ़ जाएगी तो फिर आम आदमी का जीवन कठिन हो जाएगा। अगर हम बुराई को रोकना चाहते हैं, उसे कम करना चाहते हैं तो उसका सबसे अच्छा और सकारात्मक तरीका यही है कि हम बुराई के विरोध में खड़े हों और अच्छाई का समर्थन करें।

## संपादकीय

# क्या चाहते हैं राहुल

राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी नेताओं की बीजेपी से मिलीभगत के आरोप लगाए। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को कांग्रेस की विचारधारा सर्वोच्च मानने और इसे चुनावी हार-जीत से न जोड़ने की सलाह दी। कांग्रेस, बीजेपी समर्थक नेताओं से मुक्त होकर स्पष्ट विकल्प देने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अहमदाबाद में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिस तरह की साफगोई दिखाई, उसे उनके किसी सामान्य बयान की तरह नहीं लिया जा सकता। सार्वजनिक तौर पर पार्टी नेताओं के एक हिस्से को विरोधी पार्टी से मिलीभगत का दोषी बताना किसी भी नेतृत्व के लिए जोखिम भरा काम है। कांग्रेस नेतृत्व ने यह जोखिम सोच-समझ कर ही उठाया होगा, लेकिन इसके पीछे वास्तव में उसकी कितनी तैयारी है, यह पार्टी के आगामी कदमों से स्पष्ट होगा। चुनावी नफा-नुकसान राहुल गांधी के बयान की कुछ बातें खास तौर से ध्यान देने लायक हैं। मसलन- उन्होंने पार्टी की विचारधारा को सर्वोच्च कसौटी बनाने की बात कहते हुए कार्यकताओं से कहा कि इसे वे चुनावी हार-जीत से जोड़कर न देखें। जाहिर है, उनकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस सही अर्थों में बीजेपी का विकल्प बनी रहे। अन्य दलों से अलग : ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी अपने भाषणों में बीजेपी के मौजूदा नेतृत्व की या बीजेपी की ही आलोचना तक खुद को सीमित नहीं रखते। वह बहस को सावरकर बनाम गांधी और संघ बनाम कांग्रेस की ओर ले जाने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। विपक्षी ब्लॉक कढ.ऊकअ. के अन्य दल और नेता इस मामले में उतने आक्रामक नहीं दिखते। इस लिहाज से अहमदाबाद में कही गई राहुल गांधी की बातें उनके दीर्घकालिक नजरिए के अनुरूप ही हैं। स्पष्ट विकल्प अगर राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी को अपनी इस लाइन पर संगठित करते हुए कथित बीजेपी समर्थक मन-मिजाज वाले नेताओं से पार्टी को मुक्त कर लेते हैं तो वोटरों के लिहाज से यह इस मायने में अच्छा होगा कि उनके सामने दोनों विकल्प पूरी तरह स्पष्ट होंगे। वे चाहें तो भारतीयता को लेकर संघ की दृष्टि को चुनें या कांग्रेस के नजरिए से सहमति दिखाएं या बारी-बारी दोनों को आजमाते रहें। लेकिन ऐसा नहीं होगा कि एक के भ्रम में दूसरे को चुन लें और छला हुआ महसूस करें। सबसे बड़ी परीक्षा बहरहाल, एक राजनीतिक दल के रूप में कांग्रेस को हर चुनाव का सामना करना है। ऐसे में उसका नेतृत्व चाहे या न चाहे उसके हर कदम, हर फैसले को चुनावी कसौटी से गुजरना ही होगा। राहुल गांधी के ताजा बयान की भी सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि दो साल बाद होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में वह पार्टी के लिए कितना फायदेमंद या नुकसानदेह साबित होता है।

# शुरूआती बढ़त गंवा लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 217 अंक टूटा, निफ्टी 22500 से नीचे



**नई दिल्ली।** बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए। ऐसा औद्योगिक और तेल व गैस शेयरों में बिकवाली के कारण हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। इसके 22 शेयर नुकसान में और आठ लाभ में रहे। इससे पहले यह सूचकांक बढ़त के साथ खुला और दिन के दौरान 74,741.25 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा।

हालांकि, पहले सत्र के दौरान हासिल बढ़त बजार ने आखिरी सत्र से पहले गंवा दी। बंद होने से पहले बाजार पर बिकवाली का दबाव दिखा और सूचकांक 310.34 अंक या 0.41 प्रतिशत गिरकर 74,022.24 के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोमवार को एनएसई का निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों का कैसा रहा हाल? सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टूब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज पिछड़ गईं। दूसरी ओर, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्यूटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में लाभ रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है, अमेरिका में बेरोजगारी दर और टैरिफ में वृद्धि के कारण अनिश्चितता बढ़ रही है, जिससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रहेगी। निफ्टी के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर कौन-कौन रहे इस बीच, एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,035.10 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,320.36 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी खरीदे।

### बाजार में दीर्घकालिक अवधि के लिए निवेश अब भी आकर्षक

नायर ने कहा कि घरेलू वृहद आर्थिक हालात निवेशकों को अल्पावधि में सावधानी के साथ नरम पड़े शेयरों में निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हालांकि, दीर्घकालिक अवधि के लिए बाजार में निवेश अब भी आकर्षक बना हुआ है। सोमवार को एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और सियोल में मिलाजुला रुख रहा। मध्य सत्र के सौदों में यूरोपीय बाजारों में गिरावट देखी गई। वहीं, शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट सकारात्मक रुख के साथ हुए थे।

# सरकार ने संसद से चालू वित्त वर्ष में 51463 करोड़ अतिरिक्त खर्च करने की मांगी मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में 51,462.86 करोड़ रुपये का अतिरिक्त शुद्ध व्यय करने के लिए सोमवार को संसद से मंजूरी मांगी। इसमें से बड़ा हिस्सा पेंशन और उर्वरक पर सब्सिडी पर खर्च किया जाएगा। सरकार की ओर से मांगा गया सकल अतिरिक्त व्यय 6.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें से 6.27 लाख करोड़ रुपये की भरपाई बचत और प्राप्तियों के मद से की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किए गए अनुपूरक अनुदान मांगों के दूसरे बैच के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में सरकार का शुद्ध अतिरिक्त व्यय 51,462.86 करोड़ रुपये होगा। अतिरिक्त व्यय में उर्वरक सब्सिडी के लिए 12,000 करोड़ रुपये और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) सहित सरकारी कर्मचारियों के पेंशन के लिए 13,449 करोड़ रुपये शामिल हैं। कुल व्यय में रक्षा पेंशन के लिए 8,476 करोड़ रुपये और दूरसंचार विभाग के लिए 5,322 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

# फरवरी महीने में शाकाहारी थाली सस्ती हुई, मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ी



**नई दिल्ली।** फरवरी में घर में बने भोजन की शाकाहारी थाली पिछले साल के इसी महीने की तुलना में एक फीसदी सस्ती हो गई। हालांकि, इस दौरान मांसाहारी थाली की कीमत में लगभग 6 प्रतिशत का इजाफा देखा गया। क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

### शाकाहारी थाली की कीमतों में नरमी का क्या कारण?

रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत में गिरावट मुख्य रूप से टमाटर और एलपीजी की कीमतों में कमी के कारण हुई। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमतों में इजाफे का कारण ब्रॉयलर चिकन की कीमतों का बढ़ना रहा। क्रिसिल ने अपनी कहा फरवरी में टमाटर की कम कीमतों के बीच शाकाहारी थाली की कीमत में साल-दर-साल गिरावट आई, जबकि ब्रॉयलर की कीमत में वृद्धि जारी रहने के कारण मांसाहारी थाली की कीमत में मामूली वृद्धि हुई।

### फरवरी महीने में टमाटर की कीमतों में राहत

रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी में टमाटर की कीमतें एक साल पहले के 32 रुपये प्रति किलोग्राम से 28 प्रतिशत घटकर 23 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। यह गिरावट बाजार में टमाटर की आवक में 20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई। इसके अलावा, एलपीजी की कीमतों में भी 11 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे और राहत मिली। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले साल के 903 रुपये से घटकर 803 रुपये हो गई।

शाकाहारी थाली की लागत में कुल गिरावट अन्य प्रमुख सामग्रियों की बढ़ती कीमतों के कारण सीमित रही। पिछले साल के मुकाबले प्याज की कीमतों में 11 फीसदी, आलू की कीमतों में 16 फीसदी और वनस्पति तेल की कीमतों में 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इन मूल्य वृद्धि ने शाकाहारी भोजन की लागत में तेज गिरावट को रोक दिया।

### ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15% की बढ़ोतरी

दूसरी ओर, ब्रॉयलर चिकन की कीमतों में सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी के कारण मांसाहारी थाली अधिक महंगी हो गई। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा लगभग 50 फीसदी होता है और इसकी कीमत में वृद्धि पिछले साल के कम आधार के कारण हुई थी, जब अधिक आपूर्ति के कारण कीमतें कम हो गई थीं।

# एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी, वापस मुंबई लौटा विमान



**नई दिल्ली।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान को हवा में ही मुंबई की तरफ मोड़ा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद इसे मुंबई वापस लाया गया। विमान में 320 से अधिक लोग सवार थे और यह सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया। सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान एआई 119 में संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को वापस मुंबई ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि विमान में बम रखे होने की सूचना मिली थी और इस बाबत विमान के शौचालय में एक पत्र मिला। एक सूत्र ने बताया कि बोइंग 777-300 ईआर विमान में चालक दल के 19 सदस्यों सहित 322 लोग सवार थे। एयरलाइन के अनुसार विमान सुबह 10 बजकर 25 मिनट पर सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरा। बयान में कहा गया, विमान की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच की जा रही है और एअर इंडिया अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रही है। उड़ान का समय बदलकर 11 मार्च सुबह पांच बजे कर दिया गया है। एयरलाइन ने कहा कि सभी यात्रियों को होटल में आवास, भोजन और अन्य सहायता की पेशकश की गई है। इससे पहले एयर इंडिया की शिकागो-दिल्ली हवाई सेवा को तकनीकी खराबी के चलते वापस शिकागो लौटना पड़ा था। एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार को अमेरिका के शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन करीब 10 घंटे बाद विमान को वापस शिकागो लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अपोलो 13 आपातकाल के दौरान पृथ्वी से सबसे दूर की दूरी एक अंतरिक्ष यात्री ने कभी यात्रा की है।
- एक अंतरिक्ष यात्री ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करते हुए एक बुमेरांग फेंक दिया और गुरुत्वाकर्षण की अनुपस्थिति में भी वह उनके पास लौट आया था।
- नासा में सटीक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शब्दों की एक सूची है जो लेखक साइंस फिक्शन कहानियों में उपयोग कर सकते हैं।
- पृथ्वी पर, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन 925,000 पाउंड का वजन, 11 पूर्ण अर्ध ट्रकों से अधिक होता है, अंतरिक्ष में, यह लगभग कुछ भी नहीं होता है।
- 10 अगस्त 2015 को, नासा के अंतरिक्ष यात्री ने खाना खाया जो पहली बार अंतरिक्ष में उगाया गया था।
- बाहरी अंतरिक्ष समुद्र स्तर से ऊपर 100 किमी से शुरू होता है।
- वर्जीनिया में प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने एक उपग्रह बनाया जिसे बाद में 2016 में नासा द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया।
- साल 2003 कोलंबिया स्पेस शटल आपदा के केवल बचे हुए कुछ परजीवी कीड़े हैं, जिन्हें नेमेटोड कहा गया था।

## राशिफल

**मेष:** आज साथ काम करने वाले लोग मददगार रहेंगे। यदि आप किसी ने बिजनेस की शुरूआत करना चाहते हैं तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही शुभ रहेगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है। आप अपने व्यापार को नई गति देंगे। जीवनसाथी के साथ संबंध बढ़िया रहेंगे।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ नए बदलाव आयेंगे। आज शाम को आप किसी फ्रेंड के बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगें छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य है।

**कर्क:** आज पुराने दोस्तों की सहायता से आप किसी बड़ी समस्या से आसानी से बाहर निकल पाएंगे। जीवनसाथी की हेल्थ को लेकर चिंतित रहेंगे।

**सिंह:** आपके लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहने वाला है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या:** आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में सभी काम समय पर पूरे होंगे। जीवनसाथी के साथ लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जायेंगे।

**तुला:** आज आपके जीवन में अचानक से कोई बड़ा बदलाव हो सकता है। आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल सकते हैं।

**वृश्चिक:** दिन मिलाजुला असर लेकर आएगा। मानसिक तनाव में रहेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। काम के सिलसिले में भी दिक्कत कि सामना करना पड़ सकता है।

**धनु:** आज दिन बेहतर रहने वाला है। ऑफिस में सारे काम समय से पूरे हो जायेंगेसाथ ही बॉस आपके बेहतरप्रदर्शन के लिए पदोन्नति पर विचार-विमर्श करेंगे।

**मकर:** घर-परिवार की समस्या रहेगी। आक्रामकता और गुस्से की वजह से समस्या हो सकती है। आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। पत्नी का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** आज का दिन बढ़िया रहेगा। लंबे समय से अटके हुए कामों को निपटाने के लिए आज का दिन बढ़िया है। व्यापार के सिलसिले में आपको मुनाफा मिल सकता है।

**मीन:** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगाअगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं।

## चुटकुले

रिंकू- मम्मी मैंने आपकी सारी टेंशन खत्म कर दी..
मम्मी खुश होकर- अच्छा वो कैसे...
रिंकू- आपकी जो सबसे फेवरेट वाली प्लेट थी न...जिसे आप संभालकर रखते रखते परेशान थीं...
मम्मी- हां तो...
रिंकू- मैंने आज वो तोड़ दी...सारी टेंशन खत्म
दे चप्पल...दे चप्पल...दे चप्पल

---

टीचर-बताओ अफॉर क्या होता है
टिंकू-नहीं पता सर
टीचर- मैं जब तुम्हारे बराबर था तो इंग्लिश की पूरी किताब फटाफट पढ़ लेता था
टिंकू- हां सर आपको कोई अच्छा टीचर मिल गया होगा
दे थप्पड़....दे थप्पड़...दे थप्पड़

---

पिता-मेरा बेटा मुझसे ज्यादा प्यार करता है
मां- नहीं मेरा बेटा तुमसे ज्यादा मुझसे प्यार करता है
दोनों-चलो अपने बेटे को कंकड़ मारकर डराते हैं...देखें मम्मी को आवाज लगाएगा या पापा को...
कंकड़ लगते ही बेटा....अरो कौन है जाहिल...रुक अभी बताता हूं तुझे

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 11 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


पूनम पाण्डेय (अभिनेत्री)


डॉ. मंजू सैनी


दीप्ति गर्ग


मनु नागर


सामंत सेखरी


नितिन मदान
(पीसीएस अधिकारी)



अविनाश कुमार


अनिल शर्मा


अर्पित गुप्ता


कुलदीप नागर


सुनील शर्मा


मुनेंद्र विनायक


प्रवीण सिंह


शिवेंद्र मिश्रा


कुशल राघव


राहुल जैन


चमन चौधरी


अजय बैसोया


राशिद मलिक


अभिलाष अभी


अलि राजा


दीपक अर्पित


पिंकी यादव


अंकुर नैन


मुकेश वैद्य

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# रोहित बोले- वनडे से संन्यास नहीं ले रहा

## विराट ने कहा- तसल्ली है कि टीम सुरक्षित हाथों में



**मुंबई।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा वनडे से संन्यास नहीं ले रहे हैं। उन्होंने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह साफ कर दिया कि वह आगे भी खेलते रहेंगे।

टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। मैच के बाद संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल पर रोहित ने कहा कि कोई भविष्य की योजना नहीं है, जो चल रहा है चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं इस फॉर्मेट से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं।

रोहित की कप्तानी में भारत ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप-2024 का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद रोहित की कप्तानी में ही चैंपियंस ट्रॉफी-2025 का खिताब जीता है। इसी के साथ रोहित ने महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी भी कर ली है। वह धोनी के बाद एक से ज्यादा क्व्उ ट्रॉफी जीतने वाले भारत के दूसरे कप्तान बन गए हैं।

**रोहित ने कहा कि कोई भविष्य की योजना नहीं है, जो चल रहा है चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं इस फॉर्मेट से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं।**

रोहित ने फाइनल में 76 रन की पारी खेली रोहित ने फाइनल मैच में 76 रन की पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। रोहित ने अपनी पारी के बारे में बात करते हुए कहा, मैं इस तरह की बल्लेबाजी करना चाहता था। जब आप कुछ अलग करते हो तो आपको टीम मैनेजमेंट का समर्थन चाहिए होता है। मैंने पहले राहुल भाई (राहुल द्रविड़ भारत के पूर्व कोच) और फिर गौती भाई से बात की। मैं बीते कुछ सालों से अलग स्टाइल में खेल रहा हूं। हमें अब रिजल्ट मिल रहे हैं।

विराट ने कहा- सुरक्षित हाथों में टीम विराट ने मैच के बाद कहा कि जब वो और दूसरे बड़े खिलाड़ी इस टीम को छोड़कर जाएंगे तो उन्हें इस बात की तसल्ली होगी कि भारतीय टीम सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा यह अद्भुत रहा है, हम ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे। युवाओं के साथ खेलना बहुत अच्छा लगा। वे आगे बढ़ रहे हैं और भारत को सही दिशा में ले जा रहे हैं। कई लड़कों ने इतनी प्रभावशाली पारियां खेली हैं और गेंदबाजी की है, ये जीत सामूहिक प्रयास ही है जिसने हमारे लिए यह किया है। मैं इन लोगों से बात करने की कोशिश करता हूं, अपने अनुभव साझा करने की कोशिश करता हूं, उन्हें बताता हूं कि मैंने इतने लंबे समय तक कैसे खेला है। जब हम क्रिकेट छोड़कर जाते हैं, तो आप बेहतर स्थिति में जाना चाहते हैं। गिल, श्रेयस, राहुल सभी ने इतनी प्रभावशाली पारियां खेली हैं। टीम अच्छे हाथों में है।

## जडेजा बने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बेस्ट फील्डर

# ड्रेसिंग रूम में फिल्डिंग कोच दिलीप ने मेडल पहनाया



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के लिए टीम इंडिया ने रवींद्र जडेजा को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया। टीम के ड्रेसिंग रूम में फिल्डिंग कोच टी दिलीप ने उन्हें मेडल पहनाया। जडेजा ने फाइनल में 10 ओवर फेंके और 30 रन दिए और एक विकेट लिया। बल्लेबाजी करते हुए वे 9 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। दुबई में कीवी टीम ने 251 रन बनाए। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा की हाफ सेंचुरी की मदद से 49 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। जडेजा को अवॉर्ड मिलने की वजह फाइनल मुकाबले में जडेजा ने कोई कैच नहीं पकड़ा और न ही कोई रनआउट किया। लेकिन उनकी फील्डिंग का लेवल देखकर उन्हें यह अवॉर्ड दिया। उन्होंने कई मौकों पर रन बचाए और बॉउंड्रीज भी रोकी और न्यूजीलैंड के बैटर्स पर दबाव बनाया।

फील्डिंग कोच दिलीप ने टीम की तारीफ की इउउकने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की जीत के बाद टीम की तारीफ की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप वाकई पूरे टूनार्मेंट को देखें, तो एक बात समझ में आती है कि मैदान पर कोई भी प्रयास कभी भी छोटा नहीं था और आज यह हमारे सामने है। हम चैंपियन हैं।

भारत फाइनल 4 विकेट से जीता न्यूजीलैंड ने रविवार को दुबई में पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। भारत ने 49वें ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 76, श्रेयस अय्यर ने 48 और केएल राहुल ने 34 रन बनाए।

## सीएम सुक्खू ने टीम इंडिया को दिया न्योता

# कहा-पहाड़ों की शांत और खूबसूरत वादियों में आकर विश्राम करें, मेहमाननवाजी करने में खुशी होगी






**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत दर्ज करने वाली इंडियन क्रिकेट टीम को हिमाचल में आने का विशेष निमंत्रण दिया है। सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने लिखा कि पूरी भारतीय टीम थकान को दूर करने व आराम करने के लिए हिमाचल की खूबसूरत वादियों में आ सकते हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए बधाई दी।

उन्होंने राज्य सरकार की ओर से टीम के सभी सदस्यों के लिए विशेष प्रस्ताव रखा। सरकार टीम के प्रवास से जुड़े सभी खर्चों को वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को टीम इंडिया की मेजबानी करने में खुशी होगी। बता दें कि बीती शाम को दुबई में खेले गए चैंपियन ट्रॉफी के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड पर शानदार जीत दर्ज की है। भारत 12 साल बाद यह खिताब जीता है। पूरी प्रतियोगिता में भारत ने एक भी मैच नहीं हारा और सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

# हॉकी इंडिया ने वार्षिक पुरस्कारों के लिए रिकॉर्ड इनामी राशि की घोषणा की, 32 खिलाड़ी नामित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी



जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार शामिल हैं।

इस वर्ष के पुरस्कार उसी दिन दिए जाएंगे जिस दिन 50 साल पहले 1975 में भारतीय पुरुष टीम ने विश्व कप जीता था जो देश का अब तक का पहला और एकमात्र विश्व खिताब है। इसके साथ ही 2025 में भारतीय हॉकी के 100 वर्ष भी पूरे हो जाएंगे क्योंकि देश को सात नवंबर 1925 को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मान्यता मिली थी।

### हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन

- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार : बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार : संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार : जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।
- वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार : लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।
- वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार (21 वर्ष से कम) : ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो।
- वर्ष के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (21 वर्ष से कम) : अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अराइजीत सिंह हुंदल।
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार : सविता पुनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार : अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

# मोहम्मद शमी के रोजा नहीं रखने की बहस पर बोले इंजमाम-उल-हक, दी ये सलाह



**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी को दुबई में ऑस्ट्रेलिया से सेमीफाइनल मैच के दौरान लोगों ने पानी या जूस पीते देख लिया और सोशल मीडिया आलोचनाओं की झड़ी लग गई। हालांकि शमी के समर्थन में भी कई जानी मानी हस्तियां आईं।

दरअसल अभी रमजान का महीना चल रहा है और इस्लाम में इसे पवित्र महीने के रूप में देखा जाता है। ऐसे में लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि रमजान के दौरान किसी मुसलमान का फास्ट नहीं रखना अपराध है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा था कि रमजान के दौरान ऐसी हरकत अपराध है।

शमी के समर्थन में जाने-माने गीतकार और लेखक जावेद अख़्तर आए और उन्होंने कहा, ''शमी साहब आप उन कट्टर मूर्खों की परवाह मत कीजिए, जिन्हें क्रिकेट मैच के दौरान मैदान पर आपके पानी पीने से परेशानी है। इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। आप हमें गौरवान्वित कर रही महान भारतीय टीम का एक अहम हिस्सा हैं। आपको और हमारी पूरी टीम को मेरी शुभकामनाएं।''

लेकिन यह बहस भारत तक ही सीमित नहीं रही। सरहद पार कर पाकिस्तान भी पहुँच गई।

# पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल पर जब हार्दिक पांड्या बोले- ये मेरे पे ग्रेड से ऊपर की बात है

**दुबई।** सेमीफाइनल और फाइनल में हार्दिक पांड्या ने बल्ले के साथ भले ही ज्यादा स्कोर ना किया हो, लेकिन अहम मौके पर रन बनाकर और रन गति तेज रख कर उन्होंने भारत को मैच जीतने में योगदान दिया। मैच के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने अपनी बैटिंग, बॉलिंग, ड्रेसिंग रूम के माहौल और अपने छक्के मारने की काबिलियत समेत कई मुद्दों पर बात की। लेकिन उनके एक जवाब ने सबका ध्यान खींचा। और वो सवाल भारतीय टीम के पाकिस्तान ना जाने को लेकर था।

जब उनसे एक पाकिस्तानी पत्रकार ने सवाल किया कि भारतीय टीम के पाकिस्तान में भी कई प्रशंसक हैं। लेकिन टीम, पाकिस्तान जाकर एक भी मैच नहीं खेली। इस पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है? हार्दिक पांड्या ने कहा, अच्छी बात है कि हमारे वहां भी प्रशंसक हैं। लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि यहां भी जो पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसक हैं उन्होंने मैच देखा होगा। अब हम कहां गए, कहां नहीं गए ये मेरे पे ग्रेड से ऊपर की बात है।

चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत के पाकिस्तान ना जाने का मुद्दा लगातार छाया रहा। पाकिस्तान को इस टूनार्मेंट की मेजबानी मिली थी। लेकिन भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान जाकर खेलने से इनकार कर



दिया था। इस वजह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने भारत के सारे मैच दुबई में आयोजित कराए। भारत के पहले सेमीफाइनल और फिर फाइनल में पहुंचने के कारण भी इन मैचों का आयोजन पाकिस्तान के बजाय दुबई में कराया गया।

# फन कुचलने का हुनर सीखें जनाब... सिद्धू के रंग में रंगे गौतम गंभीर, जीत के बाद मारा करारा शेर

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। इस मैच में टीम इंडिया ने पहले न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोक दिया। इसके जवाब में टीम इंडिया ने इस टारगेट को 6 विकेट खोकर 49 ओवर में ही चेज कर लिया। इस जीत के साथ ही गौतम गंभीर का बुरा समय भी खत्म हो गया। गंभीर टीम इंडिया की जीत के बाद काफी खुश नजर आए और उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू के साथ शायरी भी की है।

### गौतम गंभीर ने की शायरी

टीम इंडिया की जीत के बाद नवजोत सिद्धू और गौतम गंभीर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में गंभीर सिद्धू का ही एक शेर बोल रहे हैं। सिद्धू ने गंभीर से कहा कि आज के खास दिन आपको शेर सुनाना चाहिए। इस पर गंभीर ने कहा कि मैं आपका



ही शेर सुनाऊंगा। उन्होंने कहा, 'फन कुचलने का हुनर सीखें जनाब। इतना बोलते ही गंभीर रुक गए। फिर सिद्धू ने शेर पूरा करते हुए कहा, सांपो के डर से जंगल नहीं छोड़े जाते।

इसके बाद नवजोत सिद्धू ने गौतम गंभीर से एक और रिकवेस्ट की। नवजोत सिद्धू ने गंभीर से कहा कि उन्हें भांगड़ा भी करना होगा। लेकिन इस पर गंभीर ने मना कर दिया। हालांकि बाद में सिद्धू के फोर्स करने पर गंभीर ने अपना एक हाथ उठा लिया। इस बात पर सिद्धू काफी खुश हुए और उन्होंने गंभीर को गले लगा लिया। भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल जीत तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। टीम इंडिया आखिरी बार 2013 में इस खिताब को जीती थी, वहीं 2017 में पाकिस्तान ने फाइनल में भारतीय टीम को हरा दिया था। लेकिन अब टीम ने कोई गलती ना करते हुए एक बार फिर से ट्रॉफी जीत ली है।

# वर्ल्ड कप की हार को भुलाकर टीम इंडिया ने 15 महीने में कैसे जीते दो बड़े खिताब

**नई दिल्ली।** 2007 की हार के बाद वर्ल्ड कप जीतना मेरा ख़्वाब बन गया। मैंने उसे चुनौती की तरह लिया। मैंने खुद से कहा कि मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूँ। यह एक चुनौती थी और मैंने इसके लिए काम किया 2011 में टीम इंडिया ने जब 28 साल बाद वर्ल्ड कप जीता तो सचिन तेंदुलकर ने मिड डे को दिए इंटरव्यू में ये बात कही। वो सचिन तेंदुलकर का आखिरी वर्ल्ड कप था।



विराट कोहली उस वक्त टीम इंडिया के उभरते हुए सितारे थे। रोहित शर्मा उस वर्ल्ड कप का हिस्सा तो नहीं थे, लेकिन उनमें भी टीम इंडिया का फ्यूचर देखा जा रहा था। 12 साल बाद टीम इंडिया बेहद करीब आकर वर्ल्ड कप का खिताब जीतने से चूक गई। लेकिन सचिन की तरह रोहित शर्मा की टीम ने भी खिताब जीतने को एक चुनौती की तरह ही लिया और इस चुनौती से पार पाते हुए टीम इंडिया ने 15 महीने के अंतराल में ही दो बड़े खिताब जीत लिए हैं। 29 जून को 2024 को दक्षिण अफ्रीका को हराकर टीम इंडिया ने टी 20 वर्ल्ड कप जीता था और अब 9 मार्च 2025 को भारतीय टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। 2007 के वनडे वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़, वीरेंद्र सहवाग और



धोनी जैसे सितारों से सजी टीम इंडिया पहले दौर में ही बाहर हो गई थी। उसके बाद टीम इंडिया ने जोरदार कमबैक किया और 6 महीने बाद ही पहला टी20 वर्ल्ड कप जीता।

2011 में टीम इंडिया 28 साल बाद वनडे वर्ल्ड जीती और फिर 2013 में दूसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। इस टूनार्मेंट को इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित शर्मा की वापसी के तौर पर भी देखा जाता है। इसी टूनार्मेंट में रोहित शर्मा को ओपनिंग करने का मौका मिला और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा। लेकिन इसके बाद खिताबी जीत के लिए लंबे इंतजार का सिलसिला शुरू हो गया।

2023 के आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी भारतीय टीम के हाथ निराशा लगी। 2023 में वर्ल्ड कप भारतीय जमीन पर खेला जा रहा था। लगातार 10 मैच जीतते हुए टीम इंडिया ने ऐसा जज्बा दिखाया था कि वो बीते 10 साल की गलतियों को दोहराना नहीं चाहती है। लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को मात देकर रोहित शर्मा की टीम के वर्ल्ड कप जीतने के खिताब को तोड़ दिया। उस हार के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने मायूस चेहरों के साथ ये जरूर सोचा होगा कि आखिरी ऐसा क्या किया जाए कि आखिरी पलों में खिताब उनके हाथ से नहीं निकले। साल 2023 की हार से टीम इंडिया के उबरने का सिलसिला आठ महीने बाद शुरू हो गया। टी 20 वर्ल्ड कप में 9 जून को ग्रुप स्टेज के मुकाबले में टीम इंडिया की टक्कर पाकिस्तान से थी। टीम इंडिया पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 119 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

12 ओवर के बाद पाकिस्तान ने दो विकेट गंवाकर 72 रन बना लिए थे और उसकी जीत तय लग रही थी। लेकिन यहीं से भारतीय टीम ने वापसी की। बुमराह के कमाल की बदौलत भारत ने इस मुकाबले को 6 रन से जीत लिया। इसके बाद मानो भारत की जीत का सिलसिला शुरू हो गया। यहीं से भारतीय टीम में वो भरोसा आया कि वो नामुमकिन लग रहे मुकाबलों में भी वापसी कर सकती है। 29 जून को खेले गए फाइनल में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 30 गेंद में 29 रन बनाने की जरूरत थी और उसके हाथ में 6 विकेट थे।

### 2013 से 2023 तक 'चोकर्स' का टैग

2014 में हुए टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लेकिन फाइनल में श्रीलंका ने टीम इंडिया को छह विकेट से हराया और खिताब जीतने से रोक दिया। 2015 वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का सफर सेमीफाइनल में थम गया। 2016 के टी20 वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई। 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान ने 180 रन से मात दी। 2019 के वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को हराया। 2021 में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी जीतने से रोका। उसी साल भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच पाई। 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का सफर सेमीफाइनल तक ही रहा।

### कब किस टीम ने जीती चैंपियंस ट्रॉफ़ी

| साल | जीतने वाली टीम | हारने वाली टीम |
|---|---|---|
| 1998 | दक्षिण अफ्रीका | वेस्ट इंडीज़ |
| 2000 | न्यूज़ीलैंड | भारत |
| 2002 | भारत और श्रीलंका | N/A |
| 2004 | वेस्ट इंडीज़ | इंग्लैण्ड |
| 2006 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्ट इंडीज़ |
| 2009 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड |
| 2013 | भारत | इंग्लैण्ड |
| 2017 | पाकिस्तान | भारत |
| 2025 | भारत | न्यूज़ीलैंड |

# गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट मुख्यमंत्री दर्पण डैशबोर्ड समीक्षा में फिर रहा अव्वल

**नोएडा (करंट क्राइम)।** कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने मुख्यमंत्री दर्पण डैश बोर्ड समीक्षा में उत्तर प्रदेश के सभी कमिश्नरेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में मुख्यमंत्री दर्पण डैश बोर्ड समीक्षा में कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर को माह फरवरी 2025 में उप्र के समस्त कमिश्नरेट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है तथा उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। 112 पीआरवी रिस्पांस टाइम, कुल पंजीकृत शिकायतें एवं निस्तारण 1090, आईजीआरएस व जनसुनवाई, अग्नि सुरक्षा एनओसी जारी करना, आग से नुकसान का आकलन, महिलाओं के प्रति अपराध की कार्यवाही-हत्या, बलात्कार, दहेज, मृत्यु, अपहरण, पोक्सो एक्ट के अपराधों में कार्यवाही, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध, अनुसूचित जाति व जनजाति के अपराध- हत्या व बलात्कार, वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही, उप्र गिरोहबन्द अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, गोवध निवारण अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही, चालान 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत, चरित्र प्रमाण पत्र, कर्मचारी सत्यापन, किरायेदार, पीजी सत्यापन, घरेलू सहायता सत्यापन, शिकायत-सीसीटीएनएस, कार्यक्रम, प्रदर्शन अनुरोध, जूलूस अनुरोध, पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट अनुरोध, विरोध व हड़ताल अनुरोध, डिटेल्स ऑफ विटनेस (सेशन कोर्ट), डिटेल्स ऑफ विटनेस (सब-ओर्टिनेट कोर्ट) के संबंध में अभियान चलाकर त्वरित कार्यवाही के कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को ए की रैंकिंग प्राप्त हुयी है।




# शादी का झांसा देकर छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के थाना टीलामोड़ क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपने पड़ोस में रहने वाले किशोर पर बेटी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। किशोर ने शादी करने की बात कहकर उनकी कक्षा 11 में पढ़ने वाली बेटी से करीब छह महीने तक संबंध बनाए। इसके बाद शादी से इन्कार कर दिया। पुलिस ने आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी बेटी दिल्ली स्थित निजी स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा है। पड़ोस में रहने वाले किशोर ने उसे शादी का झांसा देकर प्रेम-जाल में फंसाया। उनकी बेटी ने जब शादी करने को कहा तब किशोर ने मना कर दिया। तब उन्हें बेटी ने पूरा मामला बताया। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शादी से इन्कार होने के बाद मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपी किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोबाइल छीनकर ऑनलाइन किए 1.15 लाख रुपये ट्रांसफर

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** सामान लेने के बहाने दुकान पर आया युवक दुकानदार को मोबाइल छीनकर फरार हो गया और ऑनलाइन 1.15 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है। छितरा कॉलोनी निवासी रियाजूद्दीन की एनटीपीसी गोदाम के पास दुकान है। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को दुकान पर एक युवक ने सामान लेकर ऑनलाइन भुगतान किया। काफी देर तक रकम नहीं आई। इसके बाद युवक ने कहा कि मुझे मोबाइल दिखाओ कुछ गड़बड़ है। इसके बाद युवक मोबाइल लेकर फरार हो गया। रियाजूद्दीन ने बताया कि आरोपी युवक ने फोन पे के माध्यम से 15 हजार रुपये और क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद पीड़ित ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही।




# उत्तराखंड समाज के अध्यक्ष उमेश चंद्र उप्रेती व सचिव खुशहाल सिंह नेगी को दी बधाई



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड समाज मोदीनगर का निर्वाचन बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए उमेश चंद्र उप्रेती, सचिव पूर्व सैनिक खुशाल सिंह नेगी, उपाध्यक्ष चंद्र सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष शेखर चंद्र उप्रेती को बनाया गया।

समाज द्वारा उनको कार्यभार सौप, पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुये नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। पदाधिकारियों ने समाजहित में कार्य किये जाने का वचन दिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नारायण सिंह रावत व संरक्षक बलवंत सिंह रावत के नेतृत्व में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों ने शपथ ली। इस मौके पर उत्तराखंड समाज के मुख्य सदस्यों में तुला राम, तारा पंत, रूपेंद्र रावत, मोहन, तरुण पंत, प्रदीप पांडे, संजय कोटियाल, आलोक ठाकुर, रमेश शर्मा, दीप सिंह, भानु रावत, अभय पंत, भगवान सिंह, हरीश पंडित, सोह, मदन व उत्तराखंड समाज के बहुत से युवा व सम्मानित सदस्य मौजूद रहें।

# 15वीं मंजिल से कूदे जीएसटी डिप्टी कमिश्नर, मौत

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने सुसाइड कर लिया। सोमवार सुबह वह अपार्टमेंट की 15वीं मंजिल से कूद गए। मौके पर उनकी मौत हो गई। गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। उनको तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। संजय सिंह गाजियाबाद में जीएसटी विभाग में डिप्टी कमिश्नर के पद पर तैनात थे। घटना नोएडा के सेक्टर-75 एपेक्स सोसाइटी की है।



कैंसर की लास्ट स्टेज थी संजय सिंह सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-75 स्थित एपेक्स एथेना सोसाइटी के ई-टावर में फ्लैट नंबर 2004 में रहते थे। पुलिस ने बताया, संजय सिंह को 6 साल से कैंसर था। अंतिम स्टेज के कारण वह लंबे समय से तनाव में थे। लगातार चल रहे इलाज की वजह से टूट गए थे। हमेशा परेशान रहते थे। घर में ज्यादा किसी से बात भी नहीं करते थे। इस कदर बीमार थे कि ज्यादा चल फिर नहीं पाते थे। हमेशा कुर्सी पर बैठे रहते थे। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।

# होली-ईद को लेकर डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश

## बिना अनुमति डीजे और जुलूस निकालने पर लगाई रोक

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** कलेक्ट्रेट सभागार में होली और ईद-उल-फितर त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। डीएम प्रेरणा शर्मा ने त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक केजी सिंह ने क्षेत्राधिकारियों और उपजिलाधिकारियों को संयुक्त रूट मार्च का निर्देश दिया। उन्होंने महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया। डीएम ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति कोई जुलूस या आयोजन नहीं किया जा सकता। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस और मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। एसपी ने होलिका दहन और होली में डीजे के उपयोग पर रोक लगाई है। बिना अनुमति डीजे बजाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने शरारती तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीएम संदीप कुमार, एएसपी विनीत भटनागर, एसडीएम इला प्रकाश, सीओ जितेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





# दबंगों ने रॉड मारकर एक युवक का सिर फोडा

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गाली देने का विरोध करने पर दबंग ने रॉड मारकर एक युवक का सिर फोड दिया। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। गांव रोरी निवासी अतुल कुमार अपनी मां रीना देवी को कादराबाद छोड़कर वापस घर जा रहे थे। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचे तो गांव निवासी दो युवकों ने अतुल को गाली दे दी। गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक पर रॉड से वार कर सिर फोड़ दिया। सिर में रॉड लगते ही वह लहूलुहान होते ही नीचे गिर गया।

चीख पुकार सुन आसपास के लोगो को आता देखकर आरोपी भाग निकलें। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।




## बदल रही है कई कार्यालयों की तस्वीर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों के द्वारा जानकारी दी गई है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों कई कार्यालयों की तस्वीर बदली जा रही है। सुनने में आ रहा है कि वहां का रिनोवेशन वर्क चल रहा है। पहले वहां एक नया ऑफिस बना और अब जोन वाले साहब के कार्यालय के अन्य कक्षाओं का सौंदर्यीकरण हो शुरू हो गया है। सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से लगातार काम चल रहा है। उधर पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जोन वाले साहब आजकल पुलिस मुख्यालय में लंबे समय तक ही बैठ रहे हैं, जिसकी वजह से यहां कारीगरों को काम करने का समय मिल रहा है और वह फ्री होकर काम भी कर पा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अब सिटी वाले साहब का पुराना कार्यालय से लेकर उनके स्टाफ, पेशी और अन्य पुलिसकर्मी जो उनके साथ ड्यूटी देने का काम करते थे, उनके कक्ष का भी कायाकल्प शुरू हो गया है। इसके साथ ही पुराना सिस्टम और सुधार कार्य भी कराया जा रहा है बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कमिश्नरेट बनने के बाद लगातार कार्यालय को कॉरपोरेट ग्रुप ऑफिस में बनाया जा रहा है। तो वहीं एसीपी से लेकर डीसीपी स्तर के कार्यालय भी बेहद हाईटेक बनाए जा रहे हैं। इसी के साथ पुलिस लाइन में बने कार्यालय भी बेहद नए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ किए गए हैं। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नया मुख्यालय राजनगर वाले एक्सटेंशन में बन रहा है। देखना होगा राजनगर एक्सटेंशन में बनने वाला कार्यालय कब शुरू होता है और यह कितना भव्य और विशाल बनाया जाता है। बताया जा रहा है कि इसके निर्माण के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है और इसे बनाने वाली कंपनी ने अपने प्रारंभिक काम शुरू कर दिए हैं । बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में लगातार अधिकारियों के कार्यालयों और कैंप कार्यालय बेहतर बनाए जा रहे हैं ताकि वह जनसुनवाई ठीक से कर सके और जनता का भला हो सके। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही सिटी वाला ऑफिस बनकर पूरी तरह से सजा हुआ नजर आने लगेगा। ऐसी जानकारी मिल रही है।




# सीतापुर में पत्रकार की हत्या का विरोध कर हापुड़ मीडियाकर्मियों ने डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** सीतापुर में एक पत्रकार की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में हापुड़ के पत्रकारों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। घटना शनिवार की है जब सीतापुर के महोली तहसील के संवाददाता राघवेंद्र वाजपेई की बाइक सवार बदमाशों ने हत्या कर दी। वारदात शाम 4 बजे इमलिया सुल्तानपुर हाईवे के हेमपुर ओवरब्रिज पर हुई। बदमाशों ने राघवेंद्र को रास्ते में रोककर गोलियां मारीं। हापुड़ के पत्रकारों ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। इनमें मृतक पत्रकार के परिवार को 2 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग शामिल है। साथ ही उन्होंने मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी देने और हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पत्रकारों ने अपनी सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन में प्रेस क्लब अध्यक्ष आरिफ अंसारी, शक्ति किशोर, संजय कश्यप, शक्ति सिसोदिया, चरणजीत, राजेंद्र सिंह, नवीन गौतम समेत कई पत्रकार मौजूद थे।

# भोपाल में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अजय त्यागी ने जीते दो स्वर्ण पदक

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** छोटे से गांव सारा निवासी सेना के जवान अजय त्यागी ने भोपाल के बड़ा तालाब मैदान में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतकर परचम लहराया है। उन्होंने लाइट वेट पुरुष डबल स्कल और क्वाड्रपल स्पधाओं में यह उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोदीनगर तहसील क्षेत्र के गांव सारा निवासी अजय त्यागी बर्तमान में महाराष्ट्र के पुणे में सेना में तैनात हैं। तीन से नौ मार्च तक भोपाल में चली चैंपियनशिप में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अजय के लिए यह सफलता एक नई शुरूआत है। वह 25 मार्च से ऑस्ट्रेलिया में होने वाली रोइंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि अजय पहले भी कई अंर्तराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर गांव सारा के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीण उनके गांव आने पर भव्य स्वागत की तैयारी कर रहे हैं।



# शादी के बाद खाना बनाने के विवाद से इंजीनियर बहू ने मांगा तलाक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंजीनियर दंपती की सात महीने पहले शादी हुई थी। दोनों गुरुग्राम में अलग-अलग कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। पति को 19 और पत्नी को 21 लाख रुपये का सालाना पैकेज है। सास ने अपनी इंजीनियर बहू से दो बार खाना बनवाया तो बहू ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। आमतौर पर तलाक के मामलों में अक्सर पति को शिकायत रहती है कि पत्नी अच्छा खाना नहीं बनाती। हमेशा मायके में बातें करती रहती है। मायके के लोगों के सिवा किसी की परवाह नहीं करती। लेकिन अब तलाक के मायने बदल रहे हैं। परिवार न्यायालय में तलाक के ऐसे भी मामले आ रहे हैं, जिसमें खाना बनाने के लिए विवाहिता तलाक मांग रही है। बार एसोसिएशन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. शबनम खान एडवोकेट का कहना है कि अब तलाक मांगने के मायने भी बदल रहे हैं। शहर की एक पॉश कालोनी में रहने वाले इंजीनियर दंपती की सात महीने पहले शादी हुई थी। शादी के बाद दो दिन घर में घरेलू नौकरानी काम पर नहीं आई तो सास ने बहू से खाना बनाने के लिए कहा। इस पर दोनों में विवाद हो गया। बहू ने कहा कि शादी के पहले तय हुआ था कि वह ससुराल में खाना नहीं बनाएगी। दो बार खाना बनवाया गया। इसलिए तलाक चाहिए। तलाक की अर्जी में बहू की मां ने भी सहयोग किया। परिवार परामर्श केंद्र में दो बार काउंसिलिंग होने के बाद भी बात नहीं बनी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। एडवोकेट सोनल खान ने बताया कि लोनी क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया है। धार्मिक स्थल में बड़े पद पर कार्यरत एक युवक की पढ़ाई के दौरान युवती से मुलाकात हुई। युवती ने प्रेम विवाह करने को कहा, लेकिन युवक ने निकाह का प्रस्ताव रखा। युवक ने युवती का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। डेढ़ वर्ष बाद युवक ने बीवी को तलाक दे दिया। लेकिन दोबारा निकाह करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद अपने सगे रिश्तेदार से बीवी का हलाला कराया और निकाह कर लिया।



# नोएडा का वांछित केरल एयरपोर्ट से गिरफ्तार

## अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित कर किया राजस्व नुकसान, विदेश भागने की फिराक में था आरोपी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा पुलिस ने अवैध अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज संचालित करने वाले मुख्य वांछित आरोपी को केरल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। वो विदेश भागने की फिराक में था। नोएडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। जिसके बाद कर्नाटक एयरपोर्ट पर चैकइन के समय उसे पकड़ लिया गया।

दूरसंचार विभाग दिल्ली एवं थाना सेक्टर 63 नोएडा पुलिस टीम ने एक अवैध अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज का खुलासा किया था। इस टेलीफोन एक्सचेंज का संचालन जे-39 सेक्टर 63 में हो रहा था। इस मामले में पुलिस ने टेलीफोन एक्सचेंज के प्रबंधक शिवम कुमार एवं डायरेक्टर देवकी नंदन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दोनों मैसर्स किस्वा वेंचर्स इडिया प्रालि के नाम से अवैध अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज संचालित कर सेटअप का दुरुपयोग कर रह थे।



### विदेशी कॉल को नार्मल में किया कनवर्ट

ये दोनों सर्वर के जरिए विदेशों से आने वाली कॉल को नार्मल टेलीफोन कॉल पर स्विच करके उन्हे भारत में डिस्ट्रीब्यूट कर रहे थे। जिससे बड़ा राजस्व नुकसान हो रही थी। इस कारण प्रवर्तन एजेंसियां एवं राष्ट्रीय सुरक्षा को भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा था। इस संबंध में थाना सेक्टर 63 में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच पड़ताल में सामने आया कि इस टेलीफोन एक्सचेंज का मुख्य आरोपी अरशिद है। जिस दिन मुकदमा दर्ज किया गया उसी दिन से अरशिद वांछित चल रहा था।

### कालीकट एयरपोर्ट पर पकड़ा

इसकी गिरफ्तारी के लिए नोएडा पुलिस ने टीम गठित की। साथ ही उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी कराया गया। सात मार्च को कालीकट केरल एयरपोर्ट से नोएडा पुलिस को सूचना मिली कि आपके मुकदमे से संबंधित मोहम्मद अरशिद कालीकट एयरपोर्ट पर बैठाया गया। सूचना मिलते ही नोएडा पुलिस कालीकट केरल पहुंची वहां 8 मार्च को अरशिद को गिरफ्तार कर नोएडा लाया गया।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर पड़ोसियों ने फायरिंग कर दी। घटना इमलिया गांव के पास की है। पीड़ित ललित नागर बाल-बाल बच गए। पुलिस को दी शिकायत में ललित ने बताया कि वह एक साथी के साथ ड्यूटी से लौट रहे थे। गांव के पास उनके पड़ोस के पांच लोग कार में खड़े थे। बाइक निकालते समय आरोपियों ने गाली-गलौज की। फिर मारपीट की कोशिश की। ललित वहां से बचकर भागे। आरोपियों ने पीछा किया और जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायरिंग कर दी। ललित किसी तरह घर पहुंचकर बच गए। पीड़ित ने मोहित, चिकू, शेखर, सन्नी समेत 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि रविवार देर रात चीकू और शेखर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

## न्यूज डायरी

### रूस ने जासूसी के आरोपों में दो राजनयिकों को निकाला

**मास्को।** रूस ने सोमवार को कहा कि वह जासूसी के आरोपों के चलते मॉस्को मौजूद दूतावास से दो ब्रिटिश राजनयिकों को निष्कासित कर रहा है। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा, या एफएसबी ने राज्य समाचार एजेंसी के हवाले से एक बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने देश में प्रवेश की अनुमति मांगते समय गलत व्यक्तिगत डेटा प्रदान किया था और कथित खुफिया और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल थे, जिससे रूस की सुरक्षा को खतरा था। इसने कोई सबूत पेश नहीं किया। राजनयिकों की मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि उसने ब्रिटिश दूतावास के एक अधिकारी को तलब किया है। वहीं इस मामले में ब्रिटेन के अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। एफएसबी ने पिछले साल सात ब्रिटिश राजनयिकों पर जासूसी करने का आरोप लगाया था। सितंबर में छह निष्कासनों की घोषणा की गई थी, और नवंबर में एक और निष्कासन किया गया था। उस समय ब्रिटेन ने इन कदमों को निराधार बताया था।

### नारकोटिक ड्रग्स पर संयुक्त राष्ट्र सत्र की भारत ने की अध्यक्षता

**यूएन।** भारत ने नारकोटिक ड्रग्स पर संयुक्त राष्ट्र आयोग के 68वें सत्र की अध्यक्षता संभाली है। यह निकाय वैश्विक ड्रग संबंधी मामलों के लिए नीति निर्माण करता है। वियना में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत शंभू एस कुमारन 10 मार्च से 14 मार्च 2025 तक सत्र की अध्यक्षता कर रहे हैं। दो दशक बाद भारत को आयोग की अध्यक्षता मिली है।

### अर्जेंटीना में भारी बारिश से 16 लोगों की मौत

**अर्जेंटीना।** अर्जेंटीना के पूर्वी तट पर स्थित बहिया ब्लैंका शहर में हाल में हुई भारी बारिश के कारण कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। बचाव दल अब दो लड़कियों और दो वयस्कों समेत दर्जनों लापता लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये लोग शुक्रवार को शुरू हुई बारिश के बाद आई बाढ़ के पानी में बह गए थे। ब्यूनस आयर्स की राजधानी से दक्षिण में स्थित इस शहर से अब तक 1,450 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जिनमें एक स्थानीय अस्पताल के मरीज भी शामिल हैं। हाल के दिनों में बहिया ब्लैंका में लगभग 12 इंच (300 मिलीमीटर) बारिश हुई है, जबकि इस महीने का सामान्य औसत 5 इंच (129 मिलीमीटर) था। अधिकारियों ने बताया कि अगले 72 घंटों में और बारिश होने का कोई पूवार्नुमान नहीं है।

स्पेन में कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 पाकिस्तानी गिरफ्तार

स्पेन की पुलिस ने एक कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 10 पाकिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी हिंसा भड़काने और आतंकी हमलों की साजिश रचने में शामिल थे। स्पेनिश अफसरों के अनुसार, संयुक्त अभियान स्पेन की राष्ट्रीय पुलिस मोस्सोस डीह्नएस्क्वाड्रा (कैटालोनिया पुलिस) और इटली की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से चलाया गया।

अभियान के तहत इटली के पियाचेंजा शहर में भी एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी न्यूज चैनल समा टीवी के मुताबिक तीन मार्च की रात को कई स्पेन और इटली के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। वहीं, 6 मार्च को सभी गिरफ्तार संदिग्धों को स्पेन के केंद्रीय जांच न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें आतंकी फंडिंग, भर्ती और उग्रवाद फैलाने के आरोपों का सामना करना पड़ा। कोर्ट ने चार संदिग्धों को हिरासत में रखने का आदेश दिया, जबकि बाकी की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार जांच में पाया गया कि यह चरमपंथी संगठन एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर हिंसक निर्देश जारी करता था और यूरोप व पाकिस्तान में हमलों के लिए तारीफ करता था।

### टेक्सास में तूफान ने मचाई तबाही, एक की मौत

**टेक्सास।** शनिवार को टेक्सास के डलास के दक्षिण में तेज तूफान ने भारी तबाही मचाई। तूफान की वजह से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन परिवार के सदस्य घायल हो गए। तूफान की गति 90 मील प्रति घंटे (145 किलोमीटर प्रति घंटे) थी, जिसने इंटरस्टेट 45 के पास एक होटल की छत को उड़ा दिया और एलिस काउंटी में कई घरों को नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा, इंटरस्टेट 35 पर सात सेमीट्रैक्टर-ट्रेलर पलट गए। बता दें कि इस तूफान ने करीब 20,000 लोगों की बिजली काट दी, लेकिन कोई बवंडर नहीं आया। रविवार तक लगभग 1,000 लोग बिना बिजली के रहे। तूफान के द्वारा मचाई गई तबाही में एक व्यक्ति की जान चली गई। इस बात की पुष्टि एनिस पुलिस ने की। परिवार के सदस्य ने बताया कि मृतक व्यक्ति 42 साल का था और मिडलोथियन, टेक्सास का निवासी था। वह अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ एक पश्च में था, जो तूफान में पलट गई। घायल व्यक्तियों को अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### बलूचिस्तान में हमला: तीन नाइयों की हत्या

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के ग्वारगो, पंजगुर के कटागिरी इलाके में रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने तीन नाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने बताया कि तीनों पीड़ित सिंध प्रांत के मीरपुरखास और जैकबाबाद के निवासी थे और पंजगुर में नाई की दुकान चलाते थे। ये तीनों घर पर थे जब अज्ञात हमलावरों ने उन्हें गोली मारी। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और इलाके को सील कर दिया। सुरक्षा बलों ने हमले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी भी उग्रवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह घटना तब हुई जब पिछले साल मई में एक उग्रवादी समूह से जुड़े आतंकवादियों ने ग्वादर के समुंदरी इलाके में पंजाब प्रांत के सात नाइयों की हत्या कर दी थी। उग्रवादी समूह अक्सर दूसरे प्रांतों के श्रमिकों और बलूचिस्तान में काम करने वाले विदेशियों को निशाना बनाते हैं।

मेक्सिको में टैरिफ स्थगन पर खुशी की लहर, शिनबाम के नेतृत्व में जश्न

रविवार को मेक्सिको के हजारों लोग राजधानी के मुख्य चौक पर इकट्ठा हुए। साथ ही राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ जश्न मनाया। यह जश्न अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात होने वाली वस्तुओं पर लगाए गए 25% टैरिफ को एक महीने के लिए स्थगित करने के बाद मनाया गया। भीड़ ने बड़े मेक्सिकन झंडे लहराए और 'मेक्सिको का सम्मान किया जाना चाहिए' के नारे लगाए। राष्ट्रपति शिनबाम ने भीड़ से कहा कि सौभाग्य से संवाद और सम्मान की जीत हुई है। बता दें कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिया गया था, जिन्होंने यह कहा था कि शिनबाम ने ड्रग तस्करी और अवैध अप्रवास के मुद्दों पर प्रगति की है। शिनबाम ने इस सफलता के बाद किसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई की योजना को स्थगित कर दिया और सामूहिक रूप से जश्न मनाया।

### कराची में अफगान बस्ती में घर की छत गिरने से पांच बहनों समेत छह की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के कराची के अफगान बस्ती इलाके में शनिवार रात एक दुखद हादसा हुआ। जहां एक घर की छत गिरने से पांच अफगान बहनों समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घर में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था जब यह हादसा हुआ। मामले में गुलशन-ए-मयमार स्टेशन हाउस ऑफिसर आगा असदुल्लाह ने बताया कि घर में परिवार के 10 सदस्य सो रहे थे, जिनमें पांच छोटी बहनें शामिल थीं। हादसे में चार लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लड़कियों को अस्पताल में मृत घोषित किया गया। मृतकों में सात, आठ, 10, 14 और 20 साल की पांच बहनें शामिल थीं।

### 16 से 20 मार्च तक भारत के दौरे पर रहेंगे न्यूजीलैंड के पीएम

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 16 मार्च से भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे, जिसका उद्देश्य व्यापार और निवेश समेत प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री के रूप में लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करने के अलावा, वे 17 मार्च को नई दिल्ली में 10वें रायसीना डायलॉग के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, कारोबारी नेता, मीडिया और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। लक्सन वेलिंगटन लौटने से पहले 19 से 20 मार्च तक मुंबई का भी दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लक्सन 17 मार्च को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के '१ पहलुओं पर चर्चा करेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी अतिथि गणमान्य व्यक्ति के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। लक्सन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लक्सन की यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। मंत्रालय ने कहा, 'यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की दशार्ता है।'

# उत्तर कोरिया ने दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें

## यूएस-दक्षिण कोरिया के युद्धाभ्यास के खिलाफ उठाया कदम



**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया की सेना ने एक बयान में कहा है कि उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। दक्षिण कोरिया ने बताया कि ये मिसाइलें सोमवार को दागी गईं, लेकिन इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गौरतलब है कि यह मिसाइलें ऐसे समय दागी गई हैं, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू किया है। उत्तर कोरिया द्वारा लगातार इस तरह के युद्धाभ्यासों पर नाराजगी जताई गई है। गौरतलब है कि दक्षिण कोरिया

### दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने शुरू किया संयुक्त युद्धाभ्यास

और अमेरिका ने सोमवार से अपने सालाना संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरूआत की। हालांकि बीते दिनों दक्षिण कोरिया के लड़ाकू विमानों द्वारा गलती से अपने ही नागरिकों पर बम गिराने की घटना के बाद अमेरिका के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास में गोलीबारी पर रोक लगाई गई है। इस युद्धाभ्यास में दोनों देश कंप्यूटर सिमुलेशन के साथ ही मैदानी ट्रेनिंग पर भी फोकस कर रहे हैं। यह युद्धाभ्यास 20 मार्च तक चलेगा। इस युद्धाभ्यास के खिलाफ नाराजगी जताते हुए उत्तर कोरिया ने इसे खतरनाक रूप से उकसावे वाली कार्रवाई करार दिया और कहा कि इससे क्षेत्र में संघर्ष छिड़ने की आशंका है।

### उत्तर कोरिया के साथ बढ़ा हुआ है तनाव

दक्षिण कोरिया की सेना ने बयान में कहा है कि घटना की जांच के बाद ही युद्धाभ्यास में फायरिंग की इजाजत दी जाएगी। दोनों देशों के बीच डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद पहला बड़ा युद्धाभ्यास हो रहा है। उत्तर कोरिया के साथ भी दक्षिण कोरिया और अमेरिका का तनाव बढ़ा हुआ है। उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु जखीरे में इजाफा कर रहा है। साथ ही यूक्रेन के मोर्चे पर भी उत्तर कोरिया पर रूस की मदद के आरोप लग रहे हैं।

# अन्नपूर्णा आज से करेंगी सीएसडब्ल्यू में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व




**न्यूयॉर्क।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में होने वाले 69वें महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के जारी बयान के अनुसार, सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें लैंगिक समानता व महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर दुनियाभर में हुई प्रगति पर बात होगी।

इस साल का सत्र खास है क्योंकि यह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दूरदर्शी एजेंडे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच के 30 साल पूरे होने के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का सत्र 10 से 21 मार्च तक चलेगा। अन्नपूर्णा देवी इस सत्र में भारत की तरफ से राष्ट्रीय वक्तव्य देंगी। इसमें वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं और बालिकाओं के समग्र विकास के लिए सरकार की पहल और योजनाओं को पेश करेंगी। वे इस दौरान वे बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच सहित संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास एजेंडे को लागू करने की रफ्तार को तेज करने और इसके लिए संसाधनों को सुनिश्चित करने पर होने वाली अहम बातचीत में भी शामिल होंगी। अपनी उच्चस्तरीय बैठकों के तहत वह 12 मार्च को भारत सरकार और यूएन वीमेन एक खास कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। इस कार्यक्रम में दुनिया भर के नेता, नीति-निमार्ता और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और महिलाओं के वित्तीय और डिजिटल सशक्तिकरण के तरीकों पर बात करेंगे।

# सीरिया में अलवी समुदाय पर हिंसा तेज, असद समर्थकों और नई सरकार के बीच खूनी संघर्ष, सैंकड़ों लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया में बशर अल-असद की सत्ता खत्म होने के बाद भी हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। इनमें से अधिकतर नागरिक बताए जा रहे हैं।

अलवी समुदाय शिया इस्लाम का एक शाखा है, जो सीरिया के तटीय इलाकों, खासकर लटाकिया और टार्टूस में बसा है। यह समुदाय दशकों तक सीरिया की सत्ता में प्रभावी रहा, क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद खुद अलवी थे। असद शासन में इस समुदाय को विशेष लाभ मिलता था, जिससे बहुसंख्यक सुन्नी आबादी में असंतोष था।

असद सरकार के पतन के बाद सुन्नी बहुल नई सरकार ने सत्ता संभाली, लेकिन अलवियों के खिलाफ हिंसा जारी रही। कट्टर सुन्नी गुट अलवियों को असद शासन का समर्थक मानकर हमला कर रहे हैं। इस दौरान कई आम नागरिकों को भी निशाना बनाया गया। संघर्ष की शुरूआत तब हुई जब सरकार ने एक वांछित अपराधी को अलवी बहुल गांव से गिरफ्तार किया। इसके बाद असद समर्थक लड़ाकों ने सरकारी सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया और असद के गृहनगर कदार्हा पर कब्जा कर लिया। हालांकि, सरकारी सेना ने जवाबी कार्रवाई कर इलाके पर दोबारा नियंत्रण कर लिया।




**देश में नई इस्लामी सरकार के आने के बाद से अलवी समुदाय के खिलाफ हमले बढ़ गए हैं। ताजा संघर्ष असद समर्थकों और सरकारी बलों के बीच अलवी बहुल इलाकों में हो रहा है, जिसमें अब तक 1,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।**

सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शराअ ने सभी पक्षों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। सरकार ने हिंसा की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति बनाई है। जबकि कई मानवाधिकार संगठनों ने कहा है कि अलवियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई की जा रही है। वहीं सीरियाई सेना के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार सभी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### भूकंप के झटकों से हिला अफगानिस्तान

**काबुल।** सोमवार को भारत का पड़ोसी देश अफगानिस्तान भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मैग्नीट्यूड रही, लेकिन भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे था, जिससे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र हिंदुकुश क्षेत्र था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि




जमीन में गहराई में आने वाले भूकंपों की तुलना में सतह पर ऊपर आने वाले भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऊपरी सतह में आने वाले भूकंपों में ऊर्जा ज्यादा निकलती है, जिससे जमीन पर मौजूद संरचनाओं को नुकसान ज्यादा होता है। फिलहाल अफगानिस्तान में आए भूकंप में नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 8 मार्च को पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता 4.2 थी और इसमें भी कोई नुकसान नहीं हुआ था।

# पीएम मोदी का मॉरीशस दौरा

**पोट लुइस।** भारत और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय सरकारी यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह जानकारी मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त अनुराग श्रीवास्तव ने दी है।

### रुपे और यूपीआई से बढ़ेगा आर्थिक सहयोग

भारतीय उच्चायुक्त ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रुपे कार्ड और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को मॉरीशस में लॉन्च किया जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक जुड़ाव और बढ़ेगा, खासकर पर्यटन और चिकित्सा यात्राओं में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, रुपे और यूपीआई से भारतीय पर्यटकों को मॉरीशस में और मॉरीशस के नागरिकों को भारत में आसानी से डिजिटल



भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। यह उन लोगों के लिए भी उपयोगी होगा जो भारत में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जाते हैं"।

भारत और मॉरीशस ने 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो भारत का अफ्रीका के किसी भी देश के साथ पहला व्यापार समझौता था। प्रधानमंत्री की इस यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए व्यापार समझौतों पर भी चर्चा होगी। 2023-24 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ।

# तकनीकी खराबी के चलते 10 घंटे बाद वापस शिकागो लौटा विमान, अब एयर इंडिया ने घटना को लेकर दी सफाई

**शिकागो।** एयर इंडिया की शिकागो-दिल्ली हवाई सेवा को तकनीकी खराबी के चलते वापस शिकागो लौटना पड़ा। एयर इंडिया के विमान ने गुरुवार को अमेरिका के शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन करीब 10 घंटे बाद विमान को वापस शिकागो लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया जा रहा है कि विमान के शौचालय जाम हो गए थे। अब घटना को लेकर एयरलाइन ने सफाई दी है।

### एयर इंडिया ने असुविधा के लिए जताया खेद

एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि 6 मार्च 2025 को शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली अक्126 विमान तकनीकी समस्या के कारण शिकागो वापस लौट गया। शिकागो में उतरने पर, जरूरतमंद यात्री और चालक दल को आवासीय मदद दी गई। इसके बाद यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। एयरलाइन ने ये भी बताया कि यात्रियों को उड़ान रद्द होने पर पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। एयरलाइन ने कहा कि उनके लिए यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है।




### शौचालय जाम होने से हुई परेशानी

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, शिकागो से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले विमान में कथित तौर पर सभी शौचालय जाम हो गए थे। विमान के 12 में से 11 शौचालय काम नहीं कर रहे थे और सिर्फ बिजनेस क्लास का ही एक शौचालय चल रहा था। विमान में सवार 300 यात्रियों की परेशानी को देखते हुए विमान को वापस शिकागो ले जाया गया। शिवसेना यूबीटी सांसद ने घटना को लेकर एयर इंडिया की आलोचना की और घटना को शर्मनाक बताया।

# ललित मोदी को बड़ा झटका, वानुअतु के प्रधानमंत्री ने पासपोर्ट रद्द करने का दिया आदेश

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व प्रशासक ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल वानुअतु देश के प्रधानमंत्री ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। ललित मोदी के पास वानुअतु की नागरिकता है। अब वानुअतु के पीएम द्वारा ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश ऐसे समय आया है, जब ललित मोदी ने हाल ही में भारत की नागरिकता छोड़ने का आवेदन किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि 'ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था।' जायसवाल ने बताया कि 'हमें पता चला है कि उनके पास वानुअतु की नागरिकता है। हम कानून के मुताबिक उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखेंगे।'



वानुअतु में नागरिकता पाने के लिए करना होता है निवेश

वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है। इस द्वीपीय राष्ट्र की कुल आबादी महज 3 लाख के करीब है। वानुअतु को साल 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से आजादी मिली थी। वानुअतु निवेश कार्यक्रम के तहत दुनियाभर के लोगों को नागरिकता देने की सुविधा देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वानुअतु में नागरिकता पाने की न्यूनतम लागत 1.55 लाख डॉलर के करीब है। वानुअतु में निवेश के बदले महज 30-60 दिनों में ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वानुअतु के कुल राजस्व में नागरिकता के बदले मिले राजस्व की हिस्सेदारी 30 फीसदी है। गौरतलब है कि दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट वाले देशों में भारत का स्थान 80वां हैं, जबकि छोटा सा देश वानुअतु इस सूची में 51वां स्थान रखता है और यह सऊदी अरब और चीन से भी आगे है। वानुअतु के पासपोर्ट से दुनिया के 113 देशों में वीजा मुक्त एंट्री मिल सकती है। माना जा रहा है कि इन्हीं वजहों से ललित मोदी ने वानुअतु की नागरिता ली।

### ललित मोदी पर मनी लॉन्ड्रिंग के हैं आरोप

ललित मोदी आईपीएल के पूर्व चेयरमैन रहे हैं और उन्हें ही आईपीएल की सफलता का मुख्य रणनीतिकार माना जाता है। हालांकि साल 2009 में आईपीएल के टीवी अधिकारों के 425 करोड़ रुपये के समझौते में नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में उनके खिलाफ जांच चल रही है। मई 2010 में ललित मोदी लंदन भाग गए थे। इसके बाद उन्हें बीसीसीआई ने बर्खास्त कर दिया था। ललित मोदी पर टीमों की नीलामी में भी फजीर्वाड़ा करने का आरोप है।

# समय के साथ कनाडा-मेक्सिको पर टैरिफ बढ़ सकते हैं, राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ताजा बयान में कहा है कि समय के साथ कनाडा और मेक्सिको पर भविष्य में टैरिफ बढ़ सकते हैं। ट्रंप ने ये भी कहा कि वैश्विक समुदाय ने अमेरिका से लंबे समय तक फायदा उठाया। सीईओ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अब व्यापार जगत टैरिफ को लेकर आई स्पष्टता को देख सकता है। कई वर्षों तक विश्व भर के देशों ने अमेरिका का फायदा उठाया। उन्होंने अमेरिका से पैसा लिया और अब हम इसे वापस ला रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि जो देश हमारे साथ जैसा करेगा, हम भी उसके साथ वैसा ही करेंगे।

ट्रंप ने कनाडा-मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का किया है एलान : गौरतलब है कि ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप ने दोनों देशों पर यह टैरिफ अवैध अप्रवासन पर लगाम न लगाने के लिए और अमेरिका में फेंटानिल ड्रग की आवक के लिए लगाया है। ट्रंप का मानना है कि कनाडा और मेक्सिको के जरिए



ही अमेरिका में फेंटानिल ड्रग की तस्करी होती है, जिससे अमेरिका में लाखों लोग मर चुके हैं। साथ ही ट्रंप का मानना है कि कनाडा और मेक्सिको अगर अवैध अप्रवासियों पर नकेल कसते तो अमेरिका में इतने बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासी नहीं आ सकते थे। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने हाल ही में 30 दिनों के लिए मेक्सिको और कनाडा से आने वाले कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगाने का फैसला टाल दिया है।

### अमेरिकी शेयर बाजार में आई गिरावट

ट्रंप के एलान के बाद से कनाडा और मेक्सिको में चिंता का माहौल है। अमेरिका के जवाब में कनाडा ने भी अमेरिका से आने वाले करीब 20 अरब डॉलर के उत्पादों पर टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

# घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित किया गया होली मिलन कार्यक्रम

## मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद महानगर एवं मेरठ मंडल के द्वारा अपना होली मिलन महोत्सव घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, पूर्व महापौर आशु वर्मा, एसीपी प्रिया, श्रीपाल, आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा, पंडित महेश चंद्र वशिष्ठ सभी अतिथियों ने अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में बहुत ही भव्य श्री कृष्ण की लीला का आयोजन किया गया। फूलों की बरसाने की होली लठमार होली का दृश्य दिखाया गया जिससे चारों ओर सभी व्यापारी बंधु भाव विभोर हो गए मेरठ मंडल के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पटका शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में संजीव गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राजू छाबड़ा, गौरव गर्ग, रामावतार जिंदल, अजय गुप्ता, देवेंद्र अधिकारी, रमेश बंसल, मनोज गुप्ता, मुलायम सौरभ जयसवाल, गुलशन भम्भरी, मनवीर नागर, पूनम सिंह, वरुण कुमार, हरि मेहता, सुनील चाचा, धर्मपाल कुकरेजा, संजीव लाहोरिया, सुरेश महाजन, सुभाष बजरंगी, गौरव सिसोदिया, विकास हिंदू, सचिन हिंदू, राकेश तनेजा, राकेश जैन, पप्पू लाहोरिया, दीप्ति अरोड़ा, सीमा गोयल, गीता त्यागी, लवली कौर, सौरभ गुप्ता, रजनीश बंसल, राहुल गोयल, प्रदीप चौधरी, आरके आर्य, रघुवीर सोनी, मोहित यादव, नरपल सिंह, शीतल अरोड़ा, ललित अरोड़ा, धर्मपाल कुकरेजा, विजय कक्कड़, दीपक कक्कड़, मुलायम जाटव, पराग अरोड़ा, रोहित अनेजा एवं प्रमुख व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# गाजीपुर बॉर्डर पर लंबा जाम:दिल्ली में हत्या के विरोध में सड़क जाम, लंबी वीकेंड के बाद ऑफिस जाने वालों की भीड़



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद से गाजीपुर होते हुए दिल्ली जा रहे लोगों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा रहा है। वाहन चालकों को 20 मिनट से 40 मिनट तक का समय जाम से निकलने में लग रहा है।

जाम लगने की वजह दिल्ली में एक युवक की हत्या मामला बताया जा रहा है। युवक के परिजनों ने हाईवे पर जाम लगा दिया था। इसके अलावा सेकेंड सेटरडे और संडे की छुट्टी होने के कारण और सोमवार को वर्किंग डे को लेकर वाहनों का भीषण जामवड़ा है। जाम गाजियाबाद के इंदिरापुरम से गाजीपुर बॉर्डर के आगे दिल्ली तक लगा रहा। घंटों तक लोग जाम में फंसे दिखाई दिए। पुलिस अपनी तरफ से जाम हटवाने की कोशिश करती दिखाई दी। कई किलोमीटर लंबा जाम लगने के चलते वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए।

जाम का एक अन्य कारण लंबे वीकेंड के बाद पहला कार्य दिवस होना भी है। सेकंड सैटरडे और रविवार की छुट्टी के बाद आज सभी कार्यालय खुले हैं। इस वजह से सड़कों पर वाहनों का दबाव सामान्य दिनों से अधिक है। गाजियाबाद पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने में जुटी हुई है।

ये है हत्या मामला दिल्ली के गाजीपुर इलाके में कल रात 32 वर्षीय रोहित की हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि रोहित इलाके में नशे के धंधों का विरोध करता था। हत्या का आरोप यामीन और तारिक पर है। वारदात के विरोध में सुबह से दिल्ली-यूपी के गाजीपुर बॉर्डर पर हंगामा, हत्यारोपियों के एनकाउंटर की मांग हो रही है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

## मीटिंग में उपस्थित रहीं सहकारी समितियां, जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजनान्तर्गत जनपद गाजियाबाद की सहकारी समितियों का तृतीय चरण में चयन करने के उपरान्त जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति डीएलआईएमसी की बैठक जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी गाजियाबाद ने बी-पैक्स में कम्प्यूटराईजशन हेतु विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी को 07 बी-पैक्स में विद्युत कनेक्शन एवं बकाया बिल के संबंध में यथा समाधान करने के निर्देश दिये गये।

बी-पैक्स सचिवों को कृषि निवेश एवं ऋण वितरण के अतिरिक्त अन्य कार्य यथा बी-पैक्स पर संचालित कामन सर्विस सेन्टर (सी०एस०सी०) के माध्यम से बहुउद्देशीय कार्य करने के निर्देश दिये गयें। जिलाधिकारी द्वारा पैक्स कम्प्यूटराईजशन से पूर्व सभी कार्मिको को कम्प्यूटर संचालित करने का प्रशिक्षण दिये जाने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया गया। जिन बी-पैक्स का वित्तीय वर्ष 2023-24 आडिट पूर्ण नहीं हुआ है तत्काल जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियों एवं पंचायते गाजियाबाद से सम्पर्क कर ऑडिट कार्य पूर्ण कराये।

जिलाधिकारी द्वारा जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड को आगामी समय में सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में उमेश कुमार तिवारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता संदीप सिंह मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि०, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, अलका कुमारी जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड, हरप्रीत कौर डीआईओ (एनआईसी) कलक्ट्रेट गाजियाबाद, अमित त्रिपाठी अधिशासी अभियन्ता पश्मिाचंल विद्युत वितरण निगम लि० गाजियाबाद एवं बी-पैक्स के सचिव उपस्थित रहे।

# अब 2 घंटे में गाजियाबाद टू मुंबई, हिंडन एयरपोर्ट से आज पहली फ्लाइट

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट से मुंबई के लिए भी उड़ान शुरू हो गई है। पिछले हफ्ते गोवा और कोलकाता के लिए भी उड़ान शुरू हो चुकी है। मार्च से पहले तक हिंडन से सिर्फ 5 शहरों के लिए उड़ानों की सुविधा थी। इससे देश के बड़े-बड़े शहरों में आने-जाने के लिए यात्रियों को बड़ा फायदा मिलेगा।

व्यवसायिक उड़ानों पर लगी पाबंदी हटने के बाद अलग-अलग शहरों के लिए हवाई सेवाएं बहाल हो रही हैं। गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के बाद सोमवार से मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल के लिए भी उड़ान शुरू की जा चुकी हैं। यह सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित की जाएगी।




### मुंबई से 180 सीटर विमान ने उड़ान भरी

सोमवार को बेंगलुरु के लिए भी दूसरी फ्लाइट शुरू की गई। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव के अनुसार, मुंबई के लिए उड़ान में 180 यात्री यात्रा कर सकेंगे। फ्लाइट ने सुबह 9 बजकर 30 बजे मुंबई से उड़ान भरी, दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हिंडन एयरपोर्ट पहुंची।

### इस महीने नई उड़ानें

इस महीने चेन्नई और जम्मू के लिए भी जल्द सेवा शुरू हो रही है। मार्च में नई हवाई सेवाओं का विस्तार हो रहा है। 22 मार्च से चेन्नई के लिए उड़ान शुरू होगी। 23 मार्च से जम्मू के लिए भी फ्लाइट सेवा उपलब्ध होगी। 30 मार्च को भुवनेश्वर के लिए प्रस्तावित उड़ान भी शुरू होने की संभावना है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इन सभी मार्गों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू कर दी है। हिंडन से भुवनेश्वर के लिए उड़ान सुबह 9:20 बजे रवाना होगी और 11:45 बजे वहां पहुंचेगी। वापसी में, यह दोपहर 12:15 बजे भुवनेश्वर से उड़ान भरेगी और दोपहर 2:30 बजे हिंडन पहुंचेगी।

### इन शहरों के लिए उड़ान

गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से 8 शहरों के लिए उड़ानें संचालित की जा रही हैं। घरेलू उड़ानें- किशनगढ़, नांदेड़, आदमपुर, लुधियाना और भटिंडा। नई उड़ानें- गोवा, बेंगलुरु और कोलकाता इसी माह मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हुई हैं। इनमें गोवा, बेंगलुरु और कोलकाता के लिए शनिवार को छोड़कर अन्य सभी दिन फ्लाइट उपलब्ध हैं। आज से मुंबई के लिए भी उड़ान शुरू हो रही है।

# श्रीकृष्ण गौशाला कार्यसमिति की बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर की 121 वर्ष पुरानी श्रीकृष्ण गौशाला के प्रबंधक मंडल, पदाधिकारियों और कार्यकारिणी की बैठक गौशाला के करहेड़ा स्थित परिसर में संपन्न हुई। बैठक में 12 जनवरी को हुई पिछली बैठक की कार्यवाही की सदन की पुष्टि के बाद गौशाला में चल रहे कार्यों की प्रगति, जिन जरूरी कार्यों को शुरू किया जाना है उनकी चर्चा, गायों के रखरखाव, प्रजनन एवं दुग्ध उत्पादन की वर्तमान स्थिति के विषयों पर विस्तृत वार्ता हुई। बैठक की कार्यवाही की अध्यक्षता गौशाला अध्यक्ष श्री वेदप्रकाश बंसल और संचालन महामंत्री श्री देवेंद्र अग्रवाल ने किया। उनके अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मंगल, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सह सचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उपसचिव अश्वनी मित्तल, प्रचार मंत्री उपेंद्र गोयल ने एवं संदीप गर्ग समेत अनेक कार्यकारिणी सदस्यों ने बैठक में सहभागिता करी और विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी सदस्यों ने एक मत से गौशाला के रखरखाव एवं प्रगति के लिए प्रबंधक मंडल को मजबूती से समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद और उन्हें जलपान के लिए आमंत्रण के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के पश्चात अध्यक्ष जी द्वारा आयोजित जलपान के साथ सदस्यों ने गुलाल और चंदन से एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# कर्ज चुकाने के लिए मालिक के 14.50 लाख लेकर लूट की झूठी कहानी बनाई

## पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुनीम ने अपने मालिक के 14.50 लाख रुपए हड़पने के लिए लूट की झूठी कहानी बनाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूरी रकम बरामद कर ली है।

थाना लिंक रोड में कंपनी मालिक योगेश सिंघल ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनके मुनीम मनीष को 9 तारीख की रात 14.50 लाख रुपए घर ले जाने के लिए दिए थे। कुछ देर बाद मनीष ने फोन कर बताया कि बदमाशों ने उससे पैसे लूट लिए और उसे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव के मुताबिक, जांच में सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस से मनीष की कहानी झूठी निकली। पूछताछ में पता चला कि मनीष हरियाणा के झज्जर का रहने वाला है।

वह पहले डेयरी चलाता था, जिसमें 8 लाख का कर्ज हो गया था। मनीष पिछले 7 महीने से योगेश की कंपनी में काम कर रहा था। इस दौरान उसने मालिक का विश्वास जीत लिया था। कर्ज से परेशान होकर उसने पैसे हड़पने की योजना बनाई। पुलिस ने आरोपी से चोरी के पैसे और उसकी मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

# रंगभरी एकादशी पर बाबा श्याम के भजनों पर झूमे भक्त



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रंगभरी एकादशी पर सोमवार को गोविंदपुरम कमर्शियल मार्केट स्थित खाटू श्याम मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का भीड़ लगी रही। क्षेत्र के कोने-कोने से भक्त जयकारा लगाते हुए मंदिर पहुंचे। रंगभरी एकादशी के मौके पर श्री श्याम बाबा के दरबार को भव्य रूप में फूलों से सजाया गया।

खाटू श्याम मंदिर के पुजारी गौरव शास्त्री ने बताया कि भक्तों के सुलभ दर्शन के लिए विशेष प्रबंध किए गए। सभी भक्तों को विशेष प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में पुजारी गौरव शास्त्री, पंडित सर्वेश कुमार शर्मा, दीपक शर्मा, रिचा शर्मा, दिव्या शर्मा, संतोष शर्मा, कोमल आदेश तथा अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम सेवा न्यास ने किया होली मिलन का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान परशुराम सेवा न्यास के तत्वावधान में विप्र बंधुओं का होली मिलन समारोह गुलमोहर गार्डन क्लब, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में संपन्न हुआ। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित विप्र बंधुओं ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ लोगों ने अपने विचार रखें और सनातन धर्म के इस महान पर्व की महत्ता के साथ आपसी भाईचारा बढ़ाने पर जोर दिया। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ अतिथियों का सम्मान किया गया ,कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथि संजीव शर्मा, कांग्रेस प्रदेश सचिव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती आशा शर्मा, पूर्व महापौर गाजियाबाद भी उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में भगवान परशुराम सेवा न्यास के संरक्षक संजीव शर्मा, विधायक ,गाजियाबाद व महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ने सभा में उपस्थित सभी विप्र वंशियों को संबोधित किया और राजनगर एक्सटेंशन में जल्दी ही भगवान परशुराम के नाम का चौराहा और मूर्ति स्थापित करवाने और भगवान परशुराम भवन बनवाने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय कवि वैभव शर्मा, कवि नवनीत मिश्रा , कवि व कॉमेडियन समय द्विवेदी द्वारा काव्य पाठ किया गया व मंच संचालन का कार्य भगवान परशुराम सेवा न्यास के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति मनस्वी वाणी के संपादक संदीप, दृष्टि सागर की संपादक मधु सागर शर्मा , एजुकेशन स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा व भगवान परशुराम सेवा न्यास के संरक्षक आशुतोष तिवारी रहे।

भगवान परशुराम सेवा न्यास के संयोजक राजन त्रिपाठी, राजेश तिवारी, ट्रस्ट के सचिव अभिषेक पांडेय, अभिनव पांडेय, विशाल गौड़, वीपी उपाध्याय, विजेंद्र विद्रोही, सुजीत झा, आशीष पुजारी, के के पांडे, रवि ओझा, अरविंद भारद्वाज, कुलदीप मिश्रा, अनुज शर्मा, संतोष भारद्वाज, मृदुल महेश, कपिल कौशिक, विशाल शर्मा, हरीश शर्मा एवं समस्त विप्र परिवार द्वारा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें व्यापारियों ने फूलों के साथ होली खेली। होली मिलन समारोह में व्यापारियों ने संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यों पर चर्चा की। होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए।

इस मौके पर अध्यक्ष जसवीर त्यागी उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी, पूर्व पार्षद गोपाल करगेती, विक्रम चौधरी, अजय त्यागी, अनुज दुआ, देवेंद्र शर्मा, शिव पाराशर, सुभाष राणा, बृजेश सिंह, तरुण जैन आदि लोग मौजूद रहे।

# हापुड़ में 14 मार्च को सभी वाइन-बियर शॉप रहेंगी बंद : डीएम

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में होली के अवसर पर शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने सोमवार को आदेश जारी किए हैं। 14 मार्च को जिले में सभी प्रकार की मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी। इनमें देसी-विदेशी शराब, बीयर, मॉडल शॉप और भांग की दुकानें शामिल हैं। साथ ही बार, सैन्य कैंटीन और अर्द्ध सैनिक कैंटीन भी बंद रहेंगी। डीएम ने चेतावनी दी है कि प्रतिबंध के दौरान यदि कोई दुकान शराब बेचते पाई गई, तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। यह आदेश होली के दिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी किया गया है। शराब के शौकीन पहले से ही स्टॉक जमा करने में जुटे हैं। पुलिस प्रशासन होली के दिन हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखेगी। यह प्रतिबंध हापुड़ जिले के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लागू रहेगा।



# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Lalit Singotay is with Deepak Bhati and 99 others.
12m

होली पावन त्यौहार के अवसर पर सबसे पहले हृदय देवता बाबा राणा सबल सिंह बावरी जीके दर्शन के लिए दिल्ली नीली छतरी के साथियों संघ पहुंचा। इस अवसर पर मेरे साथ भाजपा अनुसूचित मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह जाटव, भाजपा किसान मोर्चा शहर मंडल उपाध्यक्ष शर्मा तथा अभिषेक बेनीवाल उपस्थित रहे। ॐजय बाबा नीली छतरी वाले की।।ॐ🙏



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये भारतीय संस्कृति है जो विविधता में एकता को समेटे हैं। होली का पर्व ओर हर वर्ग की अपनी मान्यता है। किरणपाल सिंगोते ने होली के पावन पर्व की शुरूआत अपनी मान्यता के साथ की । उन्होंने अपनी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।